दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण


त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-135 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 05 जुलाई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## राम मंदिर चंदा घोटाला

# अनुकल्प और उनके बहनोई पर करोड़ों की संपत्ति का खरीदने का संदेह



अयोध्या (आरएनएस)। अयोध्या के राम मंदिर चंदा घोटाले की जांच में संपत्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। अधिकारियों ने आरोपियों से जुड़ी कई संपत्तियों की पहचान की है, जिससे चोरी गई दान राशि से संपत्तियां खरीदने का संदेह गहरा गया है। प्रशासन अब पहचानी गई संपत्तियों का विस्तृत सत्यापन कर रहा है। सबसे अधिक संपत्ति श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट में दान राशि की गिनती और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालने वाले अनुकल्प मिश्रा के नाम पर मिली है।रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अधिक संपत्तियां आरोपी अनुकल्प मिश्रा और उसके बहनोई लवकुश मिश्रा से जुड़ी हुई हैं। दोनों से जुड़ी कम से कम 12 संपत्तियों की पहचान की जा चुकी है। इन संपत्तियों की कीमत कई करोड़ रुपये है। अधिकारी अब पैतृक और हाल ही में खरीदी गई संपत्तियों की जांच कर रहे हैं। आरोपियों के पास न केवल अयोध्या में बल्कि बसवा, मिल्कीपुर और रुदौली सहित आसपास के इलाकों में भी संपत्तियां हैं।

राम मंदिर में कथित दान चोरी की व्यापक जांच के साथ-साथ संपत्ति संबंधी जांच भी चल रही है। पुलिस और विशेष जांच दल वित्तीय लेनदेन, बैंक खातों और मंदिर के दान के समग्र प्रबंधन की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच जारी है। वित्तीय और संपत्ति संबंधी रिकॉर्ड की विस्तृत जांच में बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। जांच के दौरान पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों की भी गहन जांच कर रही है।

प्रारंभिक जांच में चोरी किए गए चंदे का इस्तेमाल बैंक खातों में जमा करने या संपत्ति खरीदने के लिए करने का खुलासा हुआ है। आरोपी अपने बैंक खातों में जमा रकम के बारे में ठोस स्पष्टीकरण नहीं दे पा रहे हैं।


## मुंबई में बारिश से सड़कें जलमग्न, उड़ानें और लोकल ट्रेनें प्रभावित; स्कूल-कॉलेज बंद

मुंबई, (आरएनएस)। मुंबई में मानसून ने हाहाकार मचा दिया है। बीती रात से जारी भारी बारिश के चलते लगभग पूरे शहर में सड़कें जलमग्म हो गई हैं, जिसके चलते जगह-जगह जाम की खबरे हैं। वहीं, पटरियों पर पानी भरने से मुंबई लोकल ट्रेनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। लोकल ट्रेनें 15 मिनट तक देरी से चल रही हैं। मुंबई हवाई अड्डे पर कम से कम 4 उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं।

बृहन्मुंबई नगर पालिका (बीएमसी) ने मुंबई में सभी स्कूल और कॉलेज को दोपहर के सत्र के लिए बंद करा दिया है। बीएमसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे घर से तभी निकलें जब बहुत जरूरी हो, क्योंकि शहर में अभी भी बारिश हो रही है और सड़कों पर पानी भरा है।

## संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से होगा शुरू, 13 अगस्त तक चलेगा, किरेन रिजिजू ने दी जानकारी

**महंगाई, बेरोजगारी, नीट, चुनावी सूची पुनरीक्षण और महिला आरक्षण जैसे मुद्दों पर सत्ता-विपक्ष आमने-सामने**



नई दिल्ली,(आरएनएस)। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों को मानसून सत्र-2026 के लिए बुलाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। इस अवधि में कुल 19 बैठकें प्रस्तावित हैं।

मानसून सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी रणनीति तैयार कर ली है। विपक्ष ने संकेत दिए हैं कि वह महंगाई, बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक प्रकरण, राम मंदिर दान में कथित अनियमितताओं तथा चुनावी सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। इसके अलावा विपक्ष क्षेत्रीय दलों में टूट-फूट और राजनीतिक दल-बदल के मामलों को भी सदन में उठाने की तैयारी कर रहा है।दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल और असम में चुनावी सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) भी संसद में आक्रामक रुख अपनाने की तैयारी में है। सरकार इस सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश कर सकती है।

# मप्र के कई जिलों में झमाझम बारिश

**नदी-नाले उफान पर, घरों तक पहुंचा बाढ़ का पानी, उफनती नदी में पलटा ट्रैक्टर; पुल डूबने से सडक़ें बंद**




भोपाल(ए)। मप्र में मूसलाधार बारिश ने कई जिलों में तबाही जैसे हालात पैदा कर दिए। कहीं गांवों में बाढ़ का पानी घरों और स्कूलों में घुस गया, कहीं तेज बहाव में ट्रैक्टर पलट गया, तो कहीं पुलों के ऊपर से नदियां बहने लगीं। कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया। नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। कई इलाकों में घरों और खेतों में पानी भर गया है, जबकि कई सडक़ों और पुलों पर पानी बहने से यातायात प्रभावित हुआ है। हरदा में तेज बारिश के कारण कई गांवों का संपर्क कट गया है। ग्राम मांदला के पास कालीमाचक नदी का पानी पुल से करीब तीन फीट ऊपर बह रहा है, जिससे नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे बंद हो गया है। आष्टा क्षेत्र के बापचा दोनिया गांव में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन दोनों बच्चों को आष्टा के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर में ढाई इंच से ज्यादा बारिश हुई। मंडला में 2.2 इंच, खंडवा में पौने 2 इंच, भोपाल में डेढ़ इंच, दतिया, नौगांव और बालाघाट में सवा इंच, रतलाम, बैतूल और धार में 1 इंच, खरगोन में आधा इंच से ज्यादा, पचमढ़ी और दमोह में आधा इंच, जबकि नर्मदापुरम, जबलपुर और उमरिया में पौन इंच बारिश हुई।खंडवा में पिछले कई घंटों से झमाझम बारिश जारी है। रेड अलर्ट के बीच यहां चार इंच तक बारिश होने का अनुमान है। लगातार हो रही तेज बारिश के चलते खंडवा जिले के किल्लौद ब्लॉक के ग्राम गरबड़ी स्थित नाले में बाढ़ आ गई। उफनते नाले के कारण खिरकिया मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। इससे सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि पानी का बहाव कम होने तक नाले को पार करने की कोशिश न करें और सुरक्षित स्थानों पर ही रुकें। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र के कई निचले इलाकों में भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन हालात पर लगातार नजर रखे हुए है।आष्टा ब्लॉक में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। पार्वती, पपनास और नेवज नदी का जलस्तर बढ़ गया है। खाचरोद, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, भंवरा, बागैर, सिंगारचोरी, हराजखेड़ी, ढकनी और मुगली समेत कई गांवों में घरों में पानी घुस गया है। लगातार बारिश से खेत भी तालाब जैसे नजर आने लगे हैं। वहीं, ग्राम पंचायत बड़घाटी-रामापुरा में बाढ़ का पानी खेतों तक पहुंचने से किसानों की सोयाबीन फसल को नुकसान हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मिली धमकी, जांच में जुटी पुलिस

नईदिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा से पहले उन्हें कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 9 जुलाई को मेलबर्न में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम से जुड़े एक सोशल मीडिया पोस्ट की कमेंट में ये धमकी आई है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस सोशल मीडिया अकाउंट की जांच में जुटी है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह धमकी मेलबर्न मीट्स मोदी नामक एक कार्यक्रम से जुड़े फेसबुक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में दिखाई दी है। ये कार्यक्रम 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। अबू मुस्तफा नामक एक यूजर ने अकाउंट से पोस्ट की गई टिप्पणी में लिखा था, कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम की छतें बंद कर देनी चाहिए, वरना वह अपनी मौत के लिए ऑस्ट्रेलिया आएगा। जांचकर्ताओं ने धमकी देने वाले सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़े आईपी एड्रेस की पहचान कर ली है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस ने अभी तक किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है और टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

## केंद्र सरकार ने 23 लोगों को आतंकवादी घोषित किया, जैश और लश्कर से जुड़े कई पाकिस्तान-आधारित नाम शामिल



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 23 व्यक्तियों को आतंकवादी घोषित किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की जारी राजपत्र (गजट) अधिसूचनाओं में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े कई पाकिस्तान स्थित आतंकियों के नाम शामिल किए गए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार, सूची में शामिल सभी व्यक्तियों पर आतंकियों की भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग, हथियारों की आपूर्ति, सीमा पार घुसपैठ कराने तथा भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने में शामिल होने के आरोप हैं। गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री मोदी के आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, गृह मंत्रालय ने आज प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 23 कुख्यात आतंकियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत आतंकवादी घोषित किया है। नामित आतंकवादी भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं, जिसमें ये आतंकी हमले, आतंक फैलाना, हथियारों की तस्करी, सीमापार घुसपैठ, आतंकवादी संगठनों को सहायता व फंडिंग और आतंकवादियों की भर्ती करते हैं। आज घोषित किए गए 23 आतंकवादियों में से 17 पाकिस्तानी नागरिक और 6 भारतीय नागरिक हैं। हालांकि, ये सभी वर्तमान में पाकिस्तान और पीओके से आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। अधिसूचना में मसूद इलियास कश्मीरी का नाम भी शामिल है। उस पर वर्ष 2022 में सुनजवां आर्मी कैंप पर हुए हमले की साजिश रचने का आरोप है। वहीं, मोहम्मद मुसद्दिक (जेईएम) पर सुनजवां हमले के लिए घुसपैठ कराने और पूरे आतंकी ऑपरेशन का समन्वय करने का आरोप लगाया गया हैसरकार ने मुफ्ती मोहम्मद असगर खान को वर्ष 2016 के नगरोटा आर्मी कैंप हमले से जुड़े घुसपैठ नेटवर्क का प्रमुख संचालक बताया है। इसी मामले में हाफिज अब्दुल शकूर पर हमले से पहले स्थानीय नेटवर्क के संपर्क में रहने और आतंकियों की घुसपैठ कराने का आरोप है। इसके अलावा, अब्दुल्ला जेहादी (जिसे शाह नवाज और अल हिजामा के नाम से भी जाना जाता है) पर नगरोटा हमले में शामिल आतंकियों की मदद करने और जैश-ए-मोहम्मद के कई आतंकी प्रशिक्षण शिविर संचालित करने का आरोप लगाया गया है।

## उमर खालिद और शरजील इमाम जेल में ही रहेंगे, फिर नहीं मिली जमानत



नईदिल्ली,(आरएनएस)। 2020 के दिल्ली दंगों की कथित साजिश से जुड़े मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम को एक बार फिर राहत नहीं मिली है। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर और शरजील की जमानत याचिका खारिज कर दी है। दोनों आरोपियों ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का रुख किया था। इससे पहले कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।उमर के वकील त्रिदीप पेस ने कहा किउनके मुवक्किल के खिलाफ बयानों के अलावा कोई ठोस सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस को खालिद के पास से न तो कोई हथियार बरामद हुआ, न ही फंडिंग का कोई सबूत मिला है। वहीं, शरजील के वकील तालिब मुस्तफा ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसी मामले में गुलफिशा फातिमा और सफूरा जरगर समेत अन्य सह-आरोपियों को राहत दी जा चुकी है, तो वही लाभ शरजील को भी मिलना चाहिए।दिल्ली में फरवरी, 2020 में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी, जिसमें करीब 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 लोग घायल हुए थे। दिल्ली पुलिस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र खालिद को दंगों में संलिप्तता और साजिश के आरोप में यूएपीए के तहत सितंबर, 2020 में गिरफ्तार किया था। तब से खालिद जेल में बंद हैं।

## चंडीगढ़ में बिल्डिंग गिरी, मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका

चंडीगढ़ (आरएनएस)। शहर के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में शनिवार शाम एक बिल्डिंग गिर गई. होटल द फर्न के नजदीक ये बड़ा हादसा हुआ. हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है. वहीं पुलिस-प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मौजूद है और बिल्डिंग के मलबे को हटाने का काम तेजी से जारी है. अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक बिल्डिंग के मलबे में 2 से 3 लोगों के दबे होने की आशंका है. रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है.

चंडीगढ़ में शनिवार शाम को अचानक से दो मंजिला बिल्डिंग गिर गई. जानकारी के मुताबिक अंदर काम कर रहे बिल्डिंग मालिक और मजदूर मलबे में दब गए. हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई. पुलिस की टीमें भी फौरन इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में पहुंची. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बिल्डिंग गिरने पर ऐसा लगा मानो भूकंप आया हो और अचानक से दो मंजिला बिल्डिंग ज़मीदोज़ हो गई ।




## हरदा में मूंग खरीदी को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू, खरीदी सीमा बढ़ाने की मांग

हरदा,(ए.)। मध्य ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की पूर्ण खरीदी और समर्थन मूल्य पर खरीद की सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर हरदा में किसानों ने आंदोलन तेज कर दिया है। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में शनिवार से कृषि उपज मंडी परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। बड़ी संख्या में किसान मोटरसाइकिल रैली निकालकर जिला मुख्यालय पहुंचे और प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।ग्राम चारखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से आए 400 से अधिक किसानों ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार बी.डी. तमखाने को ज्ञापन दिया। इस दौरान किसानों ने मूंग खरीदी की वर्तमान व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।




## बदरीनाथ धाम में चढ़ावे पर उठे सवाल, दान में गड़बड़ी के आरोपों की जांच शुरू; कर्मचारियों से मांगा स्पष्टीकरण



नई दिल्ली/उत्तरकाशी (ए.)। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े विवाद के बीच अब उत्तराखंड के प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम में भी दान और चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर कई दावे किए जा रहे हैं। आरोपों को गंभीरता से लेते हुए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए एक जांच समिति गठित कर दी गई है। आरोपों से जुड़े कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है और यदि जांच में कोई भी कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।हेमंत द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर चल रहे उस दावे का भी खंडन किया, जिसमें एक कर्मचारी को उनका निजी सचिव बताया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित व्यक्ति उनका निजी सचिव नहीं, बल्कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का नियमित कर्मचारी है। उन्होंने कहा कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पुरानी गाड़ियों में E20 पेट्रोल डालने से खराब हो जाएगा इंजन? मारुति सुजुकी और ऑटो एक्सपर्ट्स ने साफ की तस्वीर

नई दिल्ली (ए.)। अगर आपके पास भी कोई पुरानी कार या बाइक है और आप पेट्रोल पंपों पर मिलने वाले E20 (20 फीसदी एथेनॉल ब्लेंडेड) पेट्रोल को लेकर असमंजस में हैं, तो आपके लिए एक बेहद जरूरी और राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार के मंत्रालयों और देश की दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनियों के शीर्ष विशेषज्ञों ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया है कि E20 ईंधन पूरी तरह से सुरक्षित है और इससे वाहनों को कोई खतरा नहीं है। मारुति सुजुकी ने तो बाकायदा आंकड़ों के साथ एक 'बयान-ए-भरोसा' (स्टेटमेंट ऑफ कॉन्फिडेंस) जारी करते हुए करोड़ों वाहन मालिकों का डर हमेशा के लिए दूर कर दिया है।

मारुति सुजुकी का बड़ा दावा: 1.5 करोड़ पुरानी कारों में कोई खराबी नहीं

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मारुति सुजुकी के कॉरपोरेट अफेयर्स के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राहुल भारती ने ग्राहकों को आश्वस्त करते हुए एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा आंकड़ा साझा किया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मारुति सुजुकी ने देशभर में करीब 2.84 करोड़ कारों की सर्विसिंग की। इन गाड़ियों




में से 1.5 करोड़ से अधिक कारें तीन साल से ज्यादा पुरानी थीं, जो तकनीकी रूप से E20-प्रमाणित नहीं थीं। इसके बावजूद, फील्ड से ऐसी एक भी शिकायत सामने नहीं आई जहां E20 पेट्रोल की वजह से इंजन में जंग लगने, कल-पुर्जों के घिसने या किसी भी तरह के नुकसान की बात कही गई हो। उन्होंने साफ किया कि वाहनों को सुरक्षा के ऐसे मानकों पर डिजाइन किया जाता है कि वे E20 ईंधन को आसानी से झेल सकें और बाजार में किसी भी तरह के रेट्रोफिटमेंट किट की कोई जरूरत नहीं है।

**माइलेज पर कितना पड़ेगा असर? एक्सपर्ट्स ने गणित समझाकर दूर किया डर**

अक्सर वाहन मालिकों के मन में यह सवाल रहता है कि एथेनॉल मिक्स पेट्रोल से गाड़ी का माइलेज कम हो जाता है। इस पर राहुल भारती ने पूरा गणित समझाते हुए कहा कि E10 के मुकाबले E20 पेट्रोल की कैलोरीफिक वैल्यू महज 3 से 3.5 फीसदी कम होती है, जिससे माइलेज पर भी सिर्फ इतना ही असर पड़ता है। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई कार 20 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देती है, तो E20 पेट्रोल से उसका माइलेज सिर्फ 0.6 किलोमीटर कम होगा। उन्होंने कहा कि टायर प्रेशर, गाड़ी चलाने का तरीका, सही गियर का इस्तेमाल और समय पर मेंटेनेंस जैसे कारक माइलेज को इससे कहीं ज्यादा प्रभावित करते हैं। इसके विपरीत, एथेनॉल मिक्स होने से गाड़ी को बेहतर एक्सीलरेशन (पिकअप) मिलता है, इंजन में नॉकिंग की समस्या खत्म होती है और प्रदूषण भी बेहद कम होता है, जो इस मामूली कमी को पूरी तरह से कवर कर लेता है।





# कम पानी एवं कम अवधि वाली फसलों का बढ़ाएं रकबा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सरकार किसानों के हित में कर रही सभी व्यवस्थाएं

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप है। यह बड़े मुनाफे का काम है। किसानों को चाहिए कि वे परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनायें। मुख्यमंत्री ने इस साल अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अपने कृषि कार्यों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक योजना बनाएं तथा कम अवधि और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है। कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जिलेवार सतत समीक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का विशेष महत्व है। किसान भाई-बहन खेतों में उपलब्ध नमी का संरक्षण करें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें और सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों का अधिकाधिक उपयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से विशेष रूप से श्रीअन्न (मोटा अनाज) जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य कम पानी में सफलतापूर्वक पैदा



होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये फसलें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप होने के साथ कम लागत, अधिक पोषण एवं किसानों की आय वृद्धि के बेहतर विकल्प की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी श्रीअन्न के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाकर ही उत्पादन और आय को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अन्नदाता अपने अनुभव, परिश्रम और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन, कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा परिस्थितियों के अनुरूप हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। सरकार का प्रयास है कि किसी भी किसान को कठिनाई का सामना न करना पड़े। कृषि उत्पादन प्रभावित न हो और किसानों के हित भी हर तरह से सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कृषि और अन्नदाता प्रदेश के साथ देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक जरूरतों के अनुसार उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। इसी आशय से प्रदेश में वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

किसानों को कर रहे जागरूक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को मानसून और बारिश की अपडेट्स के लिए सोशल मीडिया आधारित मैसेजिंग सिस्टम पर विशेष जोर दिया है। बारिश कम होने की स्थिति में बीज उपचार, बुवाई की तकनीक, कम पानी में उपज देने वाली फसलों जैसे- बाजरा, ज्वार, उड़द, मूंग, अरहर, कोदो-कुटकी की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



राजधानी भोपाल  बारिश के दौरान छाते में जाती हुई लड़कियां।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का सफल आयोजन

### 1 करोड़ 6 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई गई पोलियो वैक्सीन की खुराक

भोपाल (ए.)। प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का सफल संचालन 28 से 30 जून तक किया गया। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 करोड़ 6 लाख 51 हजार 737 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई। अभियान के सफल संचालन में प्रदेश के समस्त जिलों द्वारा उत्कृष्ट समन्वय, प्रभावी सूक्ष्म योजना, सुदृढ़ मॉनिटरिंग एवं व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से लेकर घर-घर भ्रमण तक व्यापक व्यवस्थाएं की गईं।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता पोलियो उन्मूलन के प्रति प्रदेश की दृढ़ प्रतिबद्धता, स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण तथा जनसहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रदेश सरकार भविष्य में भी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए सतत रूप से प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।




## भोपाल के डायल-112 हीरोज

### बिछड़ी 06 वर्षीय मासूम को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल जिले के थाना कटारा हिल्स क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशील एवं तत्पर कार्रवाई से पिता से बिछड़ गई 06 वर्षीय मासूम बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई इस मानवीय पहल से बालिका को सुरक्षा एवं परिवार का सान्निध्य पुनः प्राप्त हो सका।04 जुलाई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कटारा हिल्स क्षेत्र अंतर्गत स्प्रिंग वैली के पास एक 06 वर्षीय बालिका अकेली मिली है, जो अपने पिता से बिछड़ गई है एवं पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक नवीन यादव एवं पायलट तीर्थ कुमार ने मौके पर पहुँचकर बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया। पूछताछ करने पर बालिका ने अपने परिजनों की जानकारी एवं घर का पता बताया।डायल-112 जवानों ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालिका द्वारा बताए गए पते के आधार पर उसे डायल 112 वाहन से सुरक्षित उसके घर ले जाकर पहचान एवं आवश्यक सत्यापन उपरांत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 वर्षीय मोहिनी, निवासी अयोध्या नगर, अपने पिता के साथ कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में आई थी, जहाँ भीड़ के दौरान वह अपने पिता से बिछड़ गई थी।

## मप्र में 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, रुचि वर्धन बनीं भोपाल ग्रामीण आईजी, शाजापुर और शहडोल के एसपी बदले



भोपाल(निप्र.) । मध्य प्रदेश शासन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शुक्रवार देर रात 9 सीनियर आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। जिसके तहत भोपाल ग्रामीण, सागर और नर्मदापुरम को नए आईजी मिलने के साथ ही दो जिलों के पुलिस कप्तान (एसपी) भी बदले गए हैं।गृह विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार, पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में आईजी प्रशासन के पद पर तैनात रुचि वर्धन मिश्रा को अब आईजी ग्रामीण जोन भोपाल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, नर्मदापुरम जोन के आईजी मिथिलेश शुक्ला को अब सागर रेंज का फुल टाइम आईजी बनाया गया है; वे हिमानी खन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद से सागर रेंज का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। मिथिलेश शुक्ला के सागर जाने के बाद रिक्त हुए नर्मदापुरम जोन के आईजी पद पर चंद्रशेखर सोलंकी को पदस्थ किया गया है, जो वर्तमान में इंदौर एसएएफ रेंज में सेवाएं दे रहे थे। इसके अलावा, आईजी एससीआरबी हरिनारायण चारी मिश्रा को स्थानांतरित करते हुए पुलिस मुख्यालय में आईजी प्रशासन की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस फेरबदल में दो जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को भी बदला गया है। संजय कुमार अग्रवाल को शहडोल जिले का नया एसपी नियुक्त किया गया है, जबकि उनके स्थान पर शहडोल के निवर्तमान एसपी रामजी श्रीवास्तव को एआईजी बनाकर पुलिस अकादमी भौंरी भेजा गया है। इसी तरह, प्रियंका शुक्ला को शाजापुर जिले का नया एसपी बनाया गया है, जबकि शाजापुर के मौजूदा एसपी यशपाल सिंह राजपूत का तबादला करते हुए उन्हें पुलिस अधीक्षक रेल, इंदौर की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही, आईपीएस अधिकारी सिमाला प्रसाद की पदोन्नति के बाद उन्हें डीआईजी खरगोन रेंज के पद पर नई पदस्थापना दी गई है।तबादला सूची में कुछ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को उनकी वर्तमान भूमिकाओं के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार भी सौंपे गए हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) आदर्श कटियार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ स्पेशल डीजी दूरसंचार (पीएचक्यू) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, इंदौर ग्रामीण जोन के आईजी अनुराग को अब अपने मौजूदा कार्य के साथ-साथ आईजी एसएएफ इंदौर रेंज और आईजी आरएपीटीसी इंदौर के पदों का भी अतिरिक्त जिम्मा संभालना होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस की दी शुभकामनाएं

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस की सभी नागरिकों, विशेष रूप से सहकारी समितियों के सदस्यों और सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारीगण को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन आज देश के विकास की प्रमुख धारा बना हुआ है।

**मध्यप्रदेश में हो रहा है डेयरी क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में डेयरी क्षेत्र के सशक्त विस्तार में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश सरकार दुग्ध सहकारी समितियों को मजबूत बनाने का कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और मध्यप्रदेश को देश का नंबर-1 दुग्ध उत्पादक राज्य बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गौशालाओं के संचालन में सरकार आर्थिक सहयोग कर रही है।

## सेफ क्लीक 2.0 के तहत जीआरपी भोपाल की 5 किमी साइबर जागरूकता मैराथन

### साइबर सुरक्षा के साथ पुलिस फिटनेस का संदेश, हर शनिवार 5 किमी दौड़ने का लिया संकल्प

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश पुलिस के प्रदेशव्यापी सेफ क्लीक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को जीआरपी भोपाल ने 5 किलोमीटर की साइबर जागरूकता मैराथन आयोजित की। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना तथा पुलिस बल में फिटनेस संस्कृति को मजबूत करना रहा।मैराथन का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेल) राजाबाबू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक (रेलवे) पंकज श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक (रेलवे) अंकित जायसवाल सहित रेल पुलिस कार्यालय एवं आरआरपी लाइन भोपाल के लगभग 150 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।मैराथन के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग लिंक, सोशल




मीडिया के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी निवेश योजनाओं से बचने के उपाय बताए। साथ ही साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता और सतर्कता है।

### हर शनिवार 5 किलोमीटर दौड़ने का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान जीआरपी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने न केवल साइबर सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया, बल्कि पुलिस बल में फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह निर्णय भी लिया कि मध्यप्रदेश जीआरपी के सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रत्येक शनिवार कम से कम 5 किलोमीटर दौड़ या पैदल चाल पूरी करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ और फिट पुलिस बल बेहतर पुलिसिंग की आधारशिला है तथा इससे सेवा क्षमता और कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी।

## वीर भारत न्यास ने जीतू पटवारी को भेजा 5 करोड़ का मानहानि नोटिस, 3 दिन में सार्वजनिक माफी मांगने का अल्टीमेटम

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा वीर भारत न्यास पर लगाए गए कथित अनियमितताओं के आरोप अब कानूनी विवाद में बदल गए हैं। न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी ने पटवारी को 5 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजते हुए तीन दिन के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और अपने बयानों पर स्पष्टीकरण देने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में माफी नहीं मांगने पर उनके खिलाफ न्यायालय में मानहानि का दावा दायर किया जाएगा।इस संबंध में शनिवार को राजधानी भोपाल में वीर भारत न्यास की ओर से अधिवक्ता हरीश मेहता और उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता गुंजन चौकसे ने पत्रकार वार्ता कर नोटिस की जानकारी दी। अधिवक्ता हरीश मेहता ने बताया कि कुछ दिन पहले दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीतू पटवारी ने वीर भारत न्यास पर लगभग 500 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी जमीन मात्र एक रुपये की लीज पर देने का आरोप लगाया था। साथ ही न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी पर भी कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। मेहता ने कहा कि ये आरोप तथ्यहीन और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। इसलिए नोटिस में पटवारी से तीन दिन के भीतर सार्वजनिक रूप से अपने बयान वापस लेने, खेद व्यक्त करने और मीडिया के माध्यम से माफी प्रकाशित करने की मांग की गई है।

## मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का दो दिवसीय सेमीनार सम्पन्न

### वित्तीय पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमों के प्रभावी पालन पर दिया गया जोर



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश पुलिस ने वित्तीय प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और दक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में प्रदेशभर की विभिन्न पुलिस इकाइयों से आए उप पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के आहरण एवं संवितरण (डीडीओ) अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सेमीनार आयोजित किया।सेमीनार का समापन शनिवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कल्याण) सोलोमन यश कुमार मिंज की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही किसी भी शासकीय संस्था की कार्यकुशलता की आधारशिला हैं।

उन्होंने अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव का अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी उपयोग कर वित्तीय प्रक्रियाओं को अधिक सुव्यवस्थित, नियमसम्मत और पारदर्शी बनाने का आह्वान किया।उद्घाटन सत्र में पुलिस मुख्यालय के उप पुलिस महानिरीक्षक (लेखा एवं कल्याण) अवधेश गोस्वामी ने अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन से जुड़े अद्यतन नियमों की जानकारी रखने और आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की भूमिका को पूरी जिम्मेदारी और दक्षता के साथ निभाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## भोपाल में बड़े तालाब के एफटीएल क्षेत्र में चला बुलडोजर, फार्म हाउस-बंगलों पर कार्रवाई शुरू

भोपाल, (ए.)।मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बड़े तालाब (भोज वेटलैंड) के फुल टैंक लेवल (एफटीएल) क्षेत्र में बने अवैध निर्माणों के खिलाफ शनिवार से जिला प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त अभियान शुरू कर दिया। कार्रवाई के तहत गौरागांव और बिशनखेड़ी क्षेत्र में एफटीएल सीमा के भीतर बने फार्म हाउस, बंगले और अन्य अवैध निर्माणों को हटाया जा रहा है। पूरे अभियान के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।नगर निगम के अनुसार, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में प्रस्तुत एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) के आधार पर तालाब क्षेत्र में चिन्हित 21 अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के पहले दिन छह अवैध निर्माणों को हटाने का लक्ष्य रखा गया है। नगर निगम की बिल्डिंग शाखा, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम सुबह से ही कार्रवाई में जुटी रही। अभियान का नेतृत्व निगम के उपायुक्त भुवन गुप्ता ने किया। मौके पर टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा, तहसीलदार कुणाल राउत सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। नगर निगम ने एफटीएल क्षेत्र में आने वाले सभी चिन्हित निर्माणों को पहले ही नोटिस जारी कर दिए थे।

## कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदलेगी सुठालिया परियोजना : राज्यमंत्री पंवार



### मंत्री श्री पंवार ने किया सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना स्थल का निरीक्षण

भोपाल (निप्र)। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विक स राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का स्थल पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन मुख्य बांध सहित परियोजना के विभिन्न कार्यों का अवलोकन कर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के प्रत्येक कार्य को निर्धारित तकनीकी मानकों, उच्च गुणवत्ता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न हो।

राजगढ़ जिले की सुठालिया तहसील की बैराड ग्राम के नजदीक

पार्वती नदी पर निर्मित हो रही यह परियोजना प्रदेश की प्रमुख वृहद सिंचाई योजनाओं में शामिल है। वर्ष 2018 में इस परियोजना को 1,375.24 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। परियोजना अंतर्गत लगभग 25.50 मीटर ऊंचा, लगभग 4 किलोमीटर लंबा तथा 20 रेडियल गेटयुक्त कंपोजिट बांध निर्मित किया जा रहा है। बांध की सकल जल भंडारण क्षमता 201.35 मिलियन घनमीटर (M C M) तथा लाइव स्टोरेज क्षमता 183.70 M C M होगी। इसके साथ दो अत्याधुनिक पंप हाउसों का निर्माण कर प्रेशराइज्ड पाइपलाइन आधारित आधुनिक सिंचाई प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे लगभग 49,800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से 174 ग्रामों को प्रत्यक्ष सिंचाई लाभ मिलेगा, जिनमें सुठालिया तहसील के 73, ब्यावरा तहसील के 71 तथा नरसिंहगढ़ तहसील के 30 ग्राम शामिल हैं। ग्राम मऊ एवं कानरखेड़ी स्थित पंप हाउसों से क्रमशः 21,077 हेक्टेयर एवं 28,723 हेक्टेयर क्षेत्र में पाइपलाइन आधारित सिंचाई व्यवस्था विकसित की जा रही है।परियोजना की वर्तमान प्रगति की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बांध का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रभावित क्षेत्रों में राजगढ़ जिले के 34, गुना जिले के 8, भोपाल जिले के 18 तथा सीहोर जिले के 3 ग्रामों में लगभग 90 प्रतिशत भू-अर्जन कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

# जिले में डेढ़ घंटे झमाझम बारिश, सड़कों पर भरा पानी, 8 जुलाई तक बारिश और तेज हवा का अलर्ट



राजगढ (ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में शनिवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। करीब दो बजे शुरू हुई हल्की बूंदाबांदी कुछ ही देर में तेज बारिश में बदल गई। लगभग डेढ़ घंटे तक हुई झमाझम बारिश से राजगढ़ और ब्यावरा सहित कई क्षेत्रों में सड़कें तरबतर हो गईं, जबकि निचले इलाकों में पानी भर गया।बाजारों में खरीदारी कर रहे लोगों को दुकानों की छतों के नीचे शरण लेनी पड़ी। बारिश से उमस और गर्मी से राहत मिली तथा मौसम सुहावना हो गया।मौसम विभाग के अनुसार जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। अगले चार से पांच दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। विभाग ने 8 जुलाई तक जिले में भारी बारिश, गरज-चमक, वज्रपात तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। बारिश का सबसे अधिक फायदा किसानों को मिला है। लंबे इंतजार के बाद हुई अच्छी वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई ने गति पकड़ ली है। किसान ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों के साथ खेतों में बुवाई में जुट गए हैं।किसानों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में भी इसी तरह संतुलित बारिश होती रही तो इस वर्ष फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 195.1 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जबकि इस अवधि में सामान्य वर्षा 140.4 मिमी मानी जाती है। लगातार बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस था, जो शनिवार को घटकर 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## रायसेन में बस ने परिवार को रौंदा, पिता और बेटे की मौत, मां-बेटा घायल

रायसेन, (ए.)। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के बेगमगंज में शनिवार दोपहर एक दिलदहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। जहां 'शक्ति ट्रेवल्स' की एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ने मोटरसाइकिल सवार परिवार को रौंद दिया। इस भीषण भिड़ंत में पिता और उनके 5 साल के मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और 3 साल का दूसरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सागर-भोपाल रूट पर बेगमगंज थाना इलाके में घटित हुई। कालापाठा गांव का रहने वाला पूरन आदिवासी मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता था। शनिवार को वह अपनी पत्नी संध्या और दो मासूम बेटों के साथ अपनी ससुराल आलमपुर से बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही शक्ति ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक चला रहे पूरन आदिवासी और उनके 5 वर्षीय बेटे डब्बू आदिवासी की मौके पर ही सांसें थम गईं।

## जिले की जरूरतमंद महिलाएं "शक्ति दीदी" बनकर लिख रहीं महिला सशक्तिकरण की इबारत

ग्वालियर(ए.)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप हुए "शक्ति दीदी" नवाचार के तहत जरूरतमंद महिलाएँ पेट्रोल पंपो पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर का मोर्चा संभाल कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं।इसी क्रम में शनिवार को पांच जरूरतमंद महिलायें "शक्ति दीदी" बनीं। जिले में अब तक 123 जरूरतमंद महिलाएं शक्ति दीदी नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर हो चुकी हैं।कलेक्टर रुचिका चौहान ने शनिवार को कमलाराजा हॉस्पिटल के नजदीक स्थित जैन मोटर्स कम्पू पर हेमलता, ललिता व प्रियंका को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने फूल माला पहनाकर शक्ति दीदियों का स्वागत किया। साथ ही शक्ति दीदी की जैकेट पहनाई। इस अवसर पर कलेक्टर ने शक्ति दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सब आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें। जिला प्रशासन व पुलिस आप सबकी मदद के लिये तत्पर है। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालक को भी निर्देश दिए कि शक्ति दीदियों को कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर सहायक संचालक महिला बाल विकास राहुल पाठक एवं सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी सौरभ जैन भी उपस्थित रहे।



## जबलपुर : मंडला हाईवे पर सूजी से भरा ट्रक पलटा



*अनियंत्रित होकर नीचे गिरा वाहन, रातभर तैनात रही पुलिस*

जबलपुर, (ए.)। जबलपुर-मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर शुक्रवार देर रात बबैहा और कोंडरा गांव के बीच घाट सेक्शन में सूजी से भरा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया। हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें लदी सूजी की बोरियां सड़क किनारे और घाट में बिखर गईं। हालांकि, दुर्घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।जानकारी के अनुसार, ट्रक जबलपुर से मंडला की ओर जा रहा था। रास्ते में वाहन में तकनीकी खराबी आने पर उसे ठीक किया गया और चालक ने दोबारा यात्रा शुरू की। लेकिन घाट पर चढ़ाई के दौरान ट्रक अचानक बंद हो गया और पीछे की ओर लुढ़कने लगा। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। इसके बाद ट्रक सड़क से नीचे उतरकर पलट गया और उसका पूरा सामान बिखर गया।घटना की सूचना मिलते ही टिकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बिखरी हुई सूजी की बोरियों की सुरक्षा के लिए रातभर जवानों की तैनाती की, ताकि किसी प्रकार की चोरी या लूटपाट न हो। वहीं, ट्रक मालिक को भी दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## किराना दुकान में घुसा काला कोबरा सांप

जबलपुर, (ए.)। कृषि उपज मंडी पनागर के बाजू में स्थित जैन किराना दुकान में उस समय हड़कंप मच गया, जब दुकान के भीतर एक विशाल और ज़हरीला काला कोबरा सांप दिखाई दिया। दुकान में सांप होने की खबर फैलते ही आस-पास के इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।

दुकान संचालक ने बिना घबराए तुरंत स्थानीय सर्प मित्र अतुल कुशवाहा को इस बात की सूचना दी। सूचना मिलते ही अतुल कुशवाहा बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंचे। उन्होंने बेहद सूझबूझ और सावधानी के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और कुछ ही मिनटों में उस खतरनाक काले कोबरा सांप को सुरक्षित पकड़ लिया।सांस्कृतिक और प्राकृतिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए, सर्प मित्र अतुल कुशवाहा ने कोबरा सांप को आबादी वाले क्षेत्र से दूर, सुरक्षित रूप से घने जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। सांप के पकड़े जाने के बाद जैन किराना दुकान के संचालक और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने अतुल कुशवाहा की इस त्वरित कार्रवाई और बहादुरी की जमकर सराहना की है।

# कड़कनाथ कुक्कुट पालन से चमकी कपूरिया दीदी की किस्मत, बनीं लखपति दीदी

**आजीविका मिशन से मिला संबल, बदल रहा है ग्रामीण महिलाओं का कल**

मंडला (ए.)। कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना और आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहे हैं। मंडला जिले के विकासखंड बीजाडांडी अंतर्गत ग्राम बम्होरी की रहने वाली श्रीमती कपूरिया वरकड़े का जीवन कुछ समय पहले तक बेहद संघर्षपूर्ण था। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पूर्व उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी। आय का कोई स्थाई साधन न होने के कारण उनके परिवार को अपनी बुनियादी आवश्यकताओं और जीविकोपार्जन के लिए गंभीर आर्थिक तंगहाली और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बदलाव की शुरुआत आजीविका मिशन का साथ जीवन की इन कठिन परिस्थितियों के बीच, श्रीमती कपूरिया दीदी ने ज्योति आजीविका स्व-सहायता समूह की सदस्यता ग्रहण की। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने अपनी पारिवारिक स्थिति के बारे में समूह और शांति महिला



आजीविका ग्राम संगठन की बैठक में चर्चा की। उनकी लगन, ईमानदारी और सक्रियता को देखते हुए आजीविका मिशन द्वारा उन्हें ग्राम संगठन के माध्यम से कृषि उद्यमिता (कृषि उद्यमी मित्र) के रूप में चयनित किया गया। चयन के उपरांत, मिशन द्वारा उन्हें 35 दिनों का सघन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसने उनके भीतर एक सफल उद्यमी बनने का आत्मविश्वास जगाया। कड़कनाथ कुक्कुट पालन और वैज्ञानिक पद्धति प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी ज्ञान का लाभ उठाते हुए, कपूरिया दीदी ने आत्मनिर्भर बनने का दृढ़ संकल्प लिया। उन्होंने व्यवसाय शुरू करने के लिए समूह के माध्यम से दो चरणों में ऋण प्राप्त किया। प्रथम बार 50 हजार रूपए का ऋण, द्वितीय बार 90 हजार रूपए का ऋण, इस पूंजी से उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर उन्नत स्तर का कड़कनाथ मुर्गी पालन कार्य प्रारंभ किया।

शासन के मार्गदर्शन और समूह के वित्तीय व तकनीकी सहयोग से उनका यह व्यवसाय तेजी से फलने-फूलने लगा। खुद बनीं आत्मनिर्भर, दूसरों को भी दिखाई राह कपूरिया दीदी न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनीं, बल्कि उन्होंने समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। कृषि उद्यमी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने अपने ग्राम संगठन की अन्य समूह दीदियों को उन्नत कृषि और पशुपालन पद्धतियों पर प्रशिक्षण दिया। उनकी इस पहल से प्रेरित होकर गाँव की 8 से 10 अन्य दीदियों ने भी मुर्गी पालन का कार्य शुरू किया। जिससे उन परिवारों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

# व्यापार समाचार

# आधार ऐप की नई सुविधा को जबरदस्त प्रतिक्रिया, दो दिन में 2.5 लाख से अधिक ईमेल अपडेट




नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि आधार ऐप पर ईमेल आईडी निशुल्क अपडेट होने की सुविधा एक जुलाई से शुरू होने के बाद पहले दो दिनों में 2.5 से अधिक ईमेल अपडेट हुए हैं। सरकार ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने निवासियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए अब लोगों को आधार ऐप के माध्यम से सीधे आधार में अपनी ईमेल आईडी जोड़ने या अपडेट करने की अनुमति दे दी है, जिससे आधार केंद्र जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है।यूआईडीएआई के मुताबिक, यह सेवा केवल आधार ऐप के माध्यम से नि:शुल्क उपलब्ध है, जो 1 जुलाई, 2026 से छह महीने की अवधि के लिए प्रभावी होगी। इससे निवासियों के लिए अपनी आधार जानकारी को अपडेट रखना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा। भौतिक रूप से आने-जाने की आवश्यकता को समाप्त करके, यह पहल डिजिटल इंडिया के अंतर्गत विकसित भारत की दिशा में लोगों के अनुकूल डिजिटल सेवा प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। सरकार ने कहा कि जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया नया आधार ऐप लोगों को अपने स्मार्टफोन से ही मोबाइल नंबर अपडेट और पता अपडेट सहित कई सेवाओं का आसानी से लाभ उठाने में सक्षम बना रहा है।अब तक 40 लाख से अधिक लोगों ने नए आधार ऐप का उपयोग करके अपने मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं। वहीं, लगभग 10 लाख लोगों ने इस ऐप का उपयोग करके अपना पता भी अपडेट किया है।

## *कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल, निफ्टी और सेंसेक्स में 0.8% से अधिक की साप्ताहिक तेजी दर्ज*

*मुंबई (ए),। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट और वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में राहत मिलने की उम्मीदों के चलते भारतीय शेयर बाजार में लगातार चौथे सप्ताह बढ़त दर्ज की गई।सप्ताह के दौरान निफ्टी में 0.89 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह 0.39 प्रतिशत चढ़कर 24,270 पर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स शुक्रवार को 262 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,763 पर पहुंच गया। पूरे सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में 0.86 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।सेक्टोरल प्रदर्शन की बात करें तो रियल एस्टेट, फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि पीएसयू बैंक और ऊर्जा क्षेत्र के शेयर अपेक्षाकृत कमजोर रहे। वहीं, आईटी सेक्टर में भी अच्छी रिकवरी देखने को मिली। विश्लेषकों का कहना है कि शॉर्ट कवरिंग और एंटरप्राइज एआई अपनाने में भारतीय आईटी कंपनियों की बढ़ती भूमिका को लेकर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।बाजार की व्यापक तस्वीर भी सकारात्मक रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में सप्ताह के दौरान 0.64 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 2.05 प्रतिशत चढ़ा, जिससे यह संकेत मिला कि निवेशकों की रुचि केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं रही।*

# महंगाई की नई चमक! सोना 6 हजार रुपये उछला, चांदी ने पार किया 2.3 लाख का स्तर



नई दिल्ली (ए.)। डॉलर इंडेक्स पर दबाव और महंगाई कम होने की संभावना के चलते सोने और चांदी में इस हफ्ते तेजी देखने को मिली, जिससे सोना और चांदी क्रमश: 6 हजार रुपए और 17 हजार रुपए से अधिक महंगे हो गए हैं।इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम इस हफ्ते 6,471 रुपए बढ़कर 1,46,344 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि पहले यह 1,39,873 रुपए पर था।

22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,34,051 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,28,124 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 18 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,09,758 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,04,905 रुपए प्रति 10 ग्राम था।इस हफ्ते सोने में सबसे न्यूनतम दाम 1 जुलाई को सुबह के सत्र में 1,39,434 रुपए प्रति 10 ग्राम देखा गया। वहीं, उच्चतम दाम 3 जुलाई को शाम के सत्र में 1,46,344 रुपए प्रति 10 ग्राम देखा गया। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी तेजी देखने को मिली है।चांदी का दाम 17,317 रुपए बढ़कर 2,33,858 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,16,541 रुपए प्रति किलो था।इस हफ्ते चांदी में उच्चतम दाम 3 जुलाई को शाम के सत्र में 2,33,858 रुपए प्रति किलो देखा गया। वहीं, न्यूनतम दाम 1 जुलाई को सुबह के सत्र में 2,21,355 रुपए प्रति किलो देखा गया। आईबीजेए की ओर से दिन में दो बार सुबह और शाम के सत्र में सोने और चांदी की कीमतों को जारी किया जाता है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने का दाम 4,170 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 62 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गया है।एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सोने और चांदी में तेजी की वजह कच्चे तेल में कमजोरी आने के कारण महंगाई की संभावना कम होना है। इससे साथ ही पिछले दो सत्रों डॉलर इंडेक्स के कमजोर होने से कीमती धातुओं में तेजी को सहारा मिला है।

## भारत में कमर्शियल और इंडस्ट्रियल ग्रीन एनर्जी सेक्टर में तेज़ी, 2032 तक तीन गुना विस्तार संभव



नई दिल्ली (ए.)। भारत की कमर्शियल और इंडस्ट्रियल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 2032 तक बढ़कर 100 गीगावाट हो सकती है, जो कि 2025 में 32 गीगावाट है। साथ ही स्थापित एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की क्षमता 10 गुना से अधिक बढ़कर 31 गीगावाट-घंटा होने की उम्मीद है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायंस और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस की रिपोर्ट में इस तेज वृद्धि का श्रेय कंपनियों के डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों, आसमान छूते ग्रिड टैरिफ और ऊर्जा लचीलेपन की बढ़ती आवश्यकता को दिया गया है, जिसमें राज्य-स्तरीय नियामक इनोवेशन स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की गति को तेज कर रहा है।यह रिपोर्ट नई दिल्ली के यशोभूमि (आईआईसीसी) में 8-10 जुलाई को होने वाले 'इंडिया एनर्जी स्टोरेज वीक'(आईईएसडब्ल्यू) 2026 में जारी की जाएगी। इसमें 200 से अधिक प्रदर्शक और 10,000 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स शामिल होंगे। यह इवेंट क्लीन एनर्जी वैल्यू चेन में पॉलिसी पर चर्चा, टेक्निकल जानकारी के आदान-प्रदान और इनोवेशन को दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच होगा। आईईएसडब्ल्यू 2026 में भारी उद्योग, खान, बिजली, इलेक्ट्रॉनिक्स और पर्यावरण जैसे अहम मंत्रालयों के सीनियर अधिकारी, राज्यों के प्रतिनिधियों और रेगुलेटरी बॉडीज के साथ मिलकर खुली बातचीत करेंगे।

# बिना पीयूसी गाड़ी चलाने पर 10,000 का जुर्माना और लाइसेंस भी होगा सस्पेंडक, जानें नए नियमों में किसे मिलेगी राहत

नई दिल्ली (ए.)। अगर आप कार या बाइक चलाते हैं, तो आपके पास पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (PUC) सर्टिफिकेट का होना बेहद जरूरी है। यह महत्वपूर्ण दस्तावेज इस बात का प्रमाण होता है कि आपका वाहन तय मानकों के तहत ही प्रदूषण फैला रहा है। बिना वैध पीयूसी के सड़क पर गाड़ी चलाना आपको कानूनी पचड़े में डाल सकता है और आपकी जेब पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में हर वाहन मालिक के लिए यह जानना बेहद आवश्यक है कि पीयूसी खत्म होने के बाद नियम क्या कहते हैं और भविष्य में सरकार इसमें क्या बड़े बदलाव करने जा रही है।

**कोई ग्रेस पीरियड नहीं, खत्म होते ही गैरकानूनी होगा वाहन चलाना**

मोटर वाहन नियमों के मुताबिक, पीयूसी सर्टिफिकेट की वैधता समाप्त होने के बाद वाहन मालिक को कोई अतिरिक्त समय या ग्रेस पीरियड नहीं दिया जाता है। इसका सीधा मतलब यह है कि जिस दिन आपके सर्टिफिकेट की अवधि खत्म होती है, उसी दिन से सड़क पर बिना नया पीयूसी बनवाए गाड़ी चलाना पूरी तरह से नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। इसलिए ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा हमेशा यह सलाह दी जाती है कि सर्टिफिकेट की अंतिम तारीख से पहले ही



इसे रिन्यू करा लें, ताकि किसी भी तरह की परेशानी और चालान से बचा जा सके।

**लग सकता है 10,000 तक का भारी जुर्माना और लाइसेंस सस्पेंड**

यदि कोई चालक बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट के गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उस पर कम से कम 1,000 रुपये और अधिकतम 10,000 रुपये तक का भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, अगर कोई व्यक्ति बार-बार इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसे अतिरिक्त जुर्माना भरने के साथ-साथ सख्त कानूनी कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है। कुछ गंभीर मामलों में ट्रैफिक पुलिस चालान काटने के साथ ही चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को तीन महीने तक के लिए निलंबित भी कर सकती है।

*सरकार जल्द ला सकती है 'PUCC 3.0' सिस्टम, नए वाहनों को मिलेगी राहत*

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केंद्र सरकार जल्द ही 'PUCC 3.0' नाम से एक नई और आधुनिक व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रही है। इस नई प्रणाली का मुख्य उद्देश्य नए और कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के मालिकों को राहत देना है, जबकि ज्यादा धुआं छोड़ने वाले पुराने वाहनों की जांच को और अधिक सख्त बनाना है। अगर सरकार का यह नया प्रस्ताव लागू होता है, तो 1 अप्रैल 2020 के बाद खरीदे गए आधुनिक BS-VI निजी वाहनों के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट की वैधता अवधि बढ़ाई जा सकती है। इससे नए गाड़ी मालिकों को बार-बार प्रदूषण जांच केंद्र के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।सरकार के नए प्रस्ताव के तहत पुराने वाहनों के लिए सख्ती बढ़ाई जा सकती है। इसके मुताबिक, मार्च 2020 से पहले बने BS-IV वाहनों का पीयूसी अब हर 6 महीने में कराना अनिवार्य हो सकता है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# अनुसंधान परिवेश की कमजोरियां

क्या अपनी खास जरूरतों के मुताबिक एआई का संप्रभु सिस्टम एवं प्रतिमान विकसित करने की दिशा में भारत बढ़ रहा है? जियो का प्रस्तावित 'संप्रभु एआई बैकबॉन' क्या इस कमी को पूरा कर पाएगा? रिलायंस जियो ने भारत की संप्रभु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) रीढ़ निर्मित करने का इरादा जताया है। कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में प्रबंधक निदेशक मुकेश अंबानी ने जियो के उपभोक्ताओं के लिए जियो कॉल-एजेंट और एआई संचालित माई-जियो ऐप लॉन्च करने की घोषणा भी की। रिलायंस साधन संपन्न कंपनी है। अतीत में उपभोक्ता अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में लीक से हट कर नई पहल करने और उनमें बड़ी कामयाबियां हासिल करने में वह सफल रही है। इस रिकॉर्ड को देखते हुए लाजिमी है कि उसके हर एलान से लोगों गहरी दिलचस्पी पैदा होती है। कॉल-एजेंट 'हे जियो' कहने भर से कॉल ट्रांसक्रिप्शन, सारांश, एक्शन आइटम, रिमाइंडर, मीटिंग नोट्स, राइड बुकिंग, फूड ऑर्डर, टेबल रिज़र्वेशन आदि जैसी सेवाएं देगा।इसका इस्तेमाल भारत की सभी भाषाओं में किया जा सकेगा। बहरहाल, यह कोई नई राह बनाने वाली बात नहीं है। यह पहल इस समझ के अनुरूप ही है कि भारत एआई यूजर्स के सबसे बड़े बाजार के रूप में उभर सकता है। असल मुद्दा यह है कि क्या अपनी खास जरूरतों के मुताबिक एआई का संप्रभु सिस्टम एवं प्रतिमान विकसित करने की दिशा में भारत बढ़ रहा है? जियो का प्रस्तावित 'संप्रभु एआई बैकबॉन' क्या इस कमी को पूरा कर पाएगा? रिलायंस ने जामनगर में स्थित डेटा सेंटर, कच्छ स्थित क्लीन एनर्जी हब, एनविडिया के जीबी-300 चिप आधारित जीपीयू के उत्पादन आदि की योजना के जरिए इस दिशा में महत्त्वपूर्ण दावा किया है।लेकिन कंपनी यह दावा तभी पूरा कर सकेगी, अगर वह डेटा सेंटर के साथ-साथ एआई हार्डवेयर उत्पादन का भी स्वदेशी ढांचा खड़ा करे। एनवीडिया के चिप संप्रभु होने की गुंजाइश नहीं देते। उन पर अमेरिकी सरकार का नियंत्रण बना रहता है, जैसाकि चीन के मामले में जाहिर हुआ था। फिर रिलायंस की अमेरिकी कंपनी मेटा के साथ गहरी रणनीतिक साझेदारी है। अब तक रिलायंस हार्डवेयर और सॉफ्टेवेयर के मामले बाहर से आयात और मोटे तौर पर अमेरिकी प्रतिमानों पर निर्भर रही है। देश में तकनीक इन्फ्रास्ट्रक्चर और अनुसंधान परिवेश की कमजोरियां भी इसकी एक बड़ी वजह हैं। क्या अब अपने बड़े इरादे के बूते रिलायंस इनसे उबर पाएगी, यह अहम सवाल है।

# भारत ने सबसे बड़े ऊर्जा संकट का कैसे सामना किया

**हरदीप सिंह पुरी**

जब फरवरी के अंत में होर्मुज की खाड़ी बंद हुई, तो भारत सरकार ने एक प्राथमिकता का चयन किया - हमारे देश के नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर समुदायों, को अभूतपूर्व आपूर्ति और मूल्य व्यवधानों से सुरक्षित रखना। इस प्राथमिकता के आस-पास ही अन्य प्रयास किये जाने थे। यह भावना खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की थी और यह आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा व्यवधान के लगभग चार महीनों तक बनी रही।

तथ्यों के पता चलने से पहले ही भारत को लेकर निर्णय किये जा रहे थे तर्क यह था कि एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, होर्मुज के बंद होने से संभल नहीं पायेगा, जिससे होकर दुनिया का 20-30 प्रतिशत से अधिक हाइड्रोकार्बन गुजरता है। पेट्रोल पंप में कुछ ही दिनों में तेल ख़त्म हो जाएगा, कीमतें आसमान छुएंगी (जैसे कि कई अन्य देशों में हुआ) और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। आज स्टॉक भरे हुए हैं, पंप खुले हैं, और भारतीय उपभोक्ता ने इस संकट के दौरान ऊर्जा के लिए दुनिया के किसी भी अन्य उपभोक्ता की तुलना में कम भुगतान किया है। यह स्पष्ट करना जरूरी है कि इसे कैसे किया गया और इससे गलत आख्यानों को जवाब भी मिल जाएगा।

28 फरवरी को ईरान पर हमलों से वैश्विक ऊर्जा मानचित्र पर सबसे महत्वपूर्ण मार्ग-खंड बंद हो गया और एलपीजी आपूर्ति ने भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश की, क्योंकि दुनिया में केवल अमेरिका और मध्य पूर्व ही प्रमुख एलपीजी निर्यातक हैं। भारत की लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी पहले मध्य पूर्व से आती थी और यह आपूर्ति तुरंत लगभग शून्य हो गई। फिर आपूर्ति और मांग, दोनों को लेकर एक युद्धकक्ष ऑपरेशन शुरू हुआ, हर कार्गो, हर रिफाइनरी, हर बॉटलिंग प्लांट की निगरानी की गयी, ताकि पूरे देश के सभी रसोईघरों में खाना पकाने के लिए आग जलती रहे।

आपूर्ति के संबंध में, 8 मार्च को एलपीजी नियंत्रण आदेश पारित किया गया, जिसके तहत सभी रिफाइनरियों को अपना एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के लिए सभी सी3-सी4 कार्बन स्ट्रीम को बदलने का निर्देश दिया गया। जो रिफाइनरी कभी कुकिंग गैस नहीं बनाती थीं, बदलाव किया गया और उत्पादन 35 टीएमटी प्रति दिन से बढ़कर 54 टीएमटी प्रति दिन हो गया। युद्ध की सर्वाधिक विभीषिका के दौरान, जब होर्मुज से कोई भी जहाज बाहर नहीं निकल रहा था, तब 12 से अधिक भारतीय एलपीजी जहाजें चुपचाप होर्मुज से बिना कोई टोल दिए निकाल



दी गईं - किसी भी देश के लिए यह सबसे बड़ी संख्या थी। कार्गो सुरक्षित किए गए तथा यानबू और फुजैरा बंदरगाहों से लाल सागर रास्ते के जरिए कार्गो जहाज-से-जहाज स्थानांतरित किये गये। अमेरिका से कार्गो को सुरक्षित करने की स्थिति में भी खाली जहाज भेजे गए, नए माल लेने के लिए जहाज हॉर्मुज के अंदर भेजे गए तथा अल्जीरिया, जापान और कनाडा जैसे कई देशों के साथ नई आपूर्ति व्यवस्था शुरू की गयी। मैंने हर उस देश के ऊर्जा मंत्री से कई बार बात की, जो एलपीजी निर्यात कर सकता था। मैं यह बात कहना चाहता हूँ कि खाड़ी क्षेत्र के अंदर या बाहर का हर उत्पादक, जिसके साथ हमने व्यापार किया, हमारे साथ खड़ा रहा।

हालांकि, आपूर्ति प्रयास का केवल आधा हिस्सा था, क्योंकि मांग को भी प्राथमिकता देना जरूरी था। घरों में जाने वाला रसोई गैस पूरा सुरक्षित रखा गया और इस कीमती आपूर्ति को काले बाज़ारियों से बचाने के लिए डिजिटल सत्यापन कोड अनिवार्य किया गया। हर नागरिक को उनके ज़रूरत के समय सिलेंडर मिलें, लेकिन कोई भी सिलेंडर जमा न कर सके, इसके लिए 25 दिन और 45 दिन की सीमा लगाई गई। चूँकि, वाणिज्यिक सिलेंडरों को नियंत्रित नहीं किया जाता और कोई भी खरीदार उपलब्ध पूरी आपूर्ति एक साथ खरीद सकता था, इसलिए इन्हें उद्योग संघों और राज्य नागरिक आपूर्ति विभागों के माध्यम से भेजा गया, ताकि हर किसी को पर्याप्त मिले और कोई भी जमा न कर सके। उद्योग को पाइप प्राकृतिक गैस अपनाने के लिए कहा गया, बड़े रसोईघरों और प्रतिष्ठानों को अन्य ईंधनों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जहाँ संभव था और घरेलू पाइप गैस और सीएनजी को बिना कटौती वाले वर्ग में रखा गया। सरकार के सभी विभागों ने मिलकर नगर निगम की शीघ्र मंजूरी के ज़रिए पाइप गैस कनेक्शनों की ओर बदलाव को संभव बनाया। कई उपभोक्ता, जिनमें प्रवासी भी शामिल थे, एजेंट से सिलेंडर खरीदते थे, जो अब डीएसी की शर्तों के कारण सिलेंडर नहीं ला पा रहे थे, इसलिए पूरे देश में 5 किलो का मुफ्त व्यापार सिलेंडर उपलब्ध कराया गया, जब तक इसका इस्तेमाल लगभग दोगुना नहीं हो गया। लोगों में भय पैदा करने वाले और खराब स्थिति बताने वाले झूठी अफवाहें फैलाने लगे और झूठे वीडियो शेयर करने लगे ताकि कमी, घबराहट और अराजकता का माहौल पैदा किया जा सके, जबकि सरकार हर दिन युद्धकक्ष मोड में कई क्रांतिकारी कदम उठा रही थी, ताकि देश में किसी भी जगह आपूर्ति में बाधा न आये।

इस सब के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दृढ़ संकल्प था - भारतीय नागरिक को सुरक्षा दी जायेगी चाहे खजाने पर कितना भी बोझ क्यों न पड़े —रूस-यूक्रेन संघर्ष और जीवन को संकट में डालने वाली कोविड चुनौती से पैदा हुए ऊर्जा संकट के दौरान यही 'भारत की राह' रही है। फरवरी और जून के बीच, रसोई गैस के अंतरराष्ट्रीय मानक, सऊदी सी पी, में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और फिर भी, उस आयात दर पर 1,600 से अधिक की कीमत वाला सिलेन्डर उज्ज्वला घर तक 642 में पहुँचा। मोदी सरकार हर उज्ज्वला सिलेंडर पर लगभग 900 का और हर अन्य घर के लिए जाने वाले सिलेंडर पर करीब 600 का नुकसान उठाती है, आज सभी भारतीय परिवार अपने रसोई गैस के लिए पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, स्पेन या फ्रांस के घरों की तुलना में बहुत कम भुगतान कर रहे हैं।

मार्च में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 प्रति लीटर की कटौती का साहसिक निर्णय लिया गया, जिससे कीमत-वृद्धि में कमी आयी, जबकि कच्चे तेल की कीमत लगभग दोगुनी हो गयी थी और सरकारी तेल कंपनियों ने इस तिमाही में हर दिन 500 से 1000 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठाया। इसी अवधि में, अमेरिका में पेट्रोल की कीमत 40 प्रतिशत से अधिक और ब्रिटेन में करीब 20 प्रतिशत बढ़ी, जबकि यूरोप के बड़े हिस्से में भी दहाई अंक की वृद्धि हुई, लेकिन भारत में कीमत में लगभग 7 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। एक और कहानी यह थी कि पूरी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी, विदेशी भंडार ख़त्म हो जाएंगे और हमारी आर्थिक संभावनाएँ धुंधली हो जाएंगी। भंडार खुद जवाब देते हैं, जो लगभग 690 बिलियन डॉलर के करीब है। यह संघर्ष शुरू होने के सप्ताह में रिकॉर्ड किये गये उच्चतम दर से केवल थोडा कम है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

# जल के बिना भी संकट, जल के साथ भी संकट

## [ जो पानी जीवन बन सकता था, वही संकट बन गया ]

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

भारतीय शहर आज विकास की सबसे बड़ी विडंबना का प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष का एक हिस्सा पानी की एक-एक बूंद के लिए भटकते हुए गुजरता है, तो दूसरा उसी पानी से बचने के संघर्ष में। कुछ ही महीने पहले दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में सूखे नल, घटता भूजल, टैंकरों के पीछे लंबी कतारें और वॉटर क्राइसिस के बोर्ड दिखाई दे रहे थे। आज वही शहर मूसलाधार बारिश में डूबे हैं। सड़कें नदियों में बदल गई हैं, मेट्रो स्टेशन जलमग्न हैं, वाहन बह रहे हैं और जनजीवन ठप पड़ा है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल की विफलता है जिसने प्रकृति के साथ चलने के बजाय उसे पराजित करने का भ्रम पाल लिया।सबसे बड़ी चिंता यह है कि जल संकट और जलभराव अब अलग-अलग समस्याएँ नहीं, बल्कि एक ही अव्यवस्थित व्यवस्था के दो चेहरे हैं। गर्मियों में दिल्ली का भूजल खतरनाक स्तर तक गिर जाता है और लोग पानी के लिए भटकते हैं, जबकि मानसून की पहली तेज बारिश में वही इलाके घुटनों तक पानी में डूब जाते हैं। मुंबई में हर वर्ष लोकल ट्रेनें ठप पड़ती हैं और लाखों लोग प्रभावित होते हैं। तकनीकी राजधानी बेंगलुरु में सड़कें जलमग्न होने पर आईटी कंपनियों को वर्क फ्रॉम होम लागू करना पड़ता है। चेन्नई में 2015 की विनाशकारी बाढ़ की यादें आज भी भय पैदा करती हैं। शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में प्रमुख शहरों में जलभराव की घटनाएँ लगभग 35 प्रतिशत बढ़ी हैं। यह केवल वर्षा की तीव्रता नहीं, बल्कि हमारी योजनागत विफलता का प्रमाण है।इस संकट की जड़ें प्रकृति में नहीं, हमारी विकास नीति में हैं। शहरों के अंधाधुंध विस्तार ने झीलों, तालाबों, वेटलैंड्स और प्राकृतिक जलमार्गों को निगल लिया। सदियों तक वर्षा जल सँभालने वाले जलाशयों की जगह मॉल, बहुमंज़िली इमारतें, कॉलोनियाँ और सड़कें खड़ी हो गईं। नतीजतन वर्षा जल के प्राकृतिक निकास मार्ग समाप्त हो गए। बादल अपना काम करते हैं, लेकिन शहर विफल हो जाते हैं। पानी के पास बहने का रास्ता नहीं बचता, इसलिए वह सड़कों, बेसमेंटों, मेट्रो स्टेशनों और रिहायशी इलाकों में भर जाता है। दिल्ली-एनसीआर का अनेक स्थानों पर 50-60 वर्ष पुराना ड्रेनेज तंत्र आज की आबादी और वर्षा का दबाव नहीं झेल पा रहा, जबकि मुंबई में समुद्र से पुन: प्राप्त भूमि पर जल निकासी और गंभीर हो गई है।

# वसुधैव कुटुम्बकम भारत की वैश्विक धारणा और भावना

**संजीव ठाकुर**

भारतीय संस्कृति का मूल दर्शन केवल अपने परिवार या राष्ट्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने संपूर्ण मानवता को एक परिवार मानने की उदात्त दृष्टि प्रदान की है। उपनिषदों का प्रसिद्ध वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम् केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन जीने की ऐसी शैली है जिसमें समस्त सृष्टि के प्रति आत्मीयता, करुणा, सह-अस्तित्व और समरसता का भाव निहित है। आज जब दुनिया स्वार्थ, हिंसा, युद्ध, आर्थिक असमानता और सामाजिक विघटन जैसी समस्याओं से जूझ रही है, तब यह भारतीय जीवन-दर्शन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है।जियो और जीने दो का सिद्धांत तथा वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना जिस समाज में सशक्त होती है, उस समाज की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता। ऐसे समाज में विश्वास, सहयोग, नैतिकता और संवेदनशीलता का वातावरण निर्मित होता है। महात्मा गांधी का कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि स्वयं को पाने का सर्वोत्तम तरीका है कि स्वयं को दूसरों की सेवा में खो दिया जाए।

मनुष्य का जीवन उत्साह, संघर्ष और निरंतर विकास की यात्रा है। जीवन में परिवर्तन स्वाभाविक है और विकास की संभावनाएँ भी परिवर्तन के साथ ही जन्म लेती हैं। जो व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ समाज और मानवता के कल्याण के लिए जीता है, वही जीवन की वास्तविक सार्थकता को प्राप्त करता है। स्वामी विवेकानंद का यह प्रेरक संदेश प्रत्येक व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है— उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। शास्त्रों में पुनर्जन्म की अवधारणा का विस्तार से वर्णन मिलता है। अनेक लोग यह मानते हैं कि इस जन्म के शुभ कर्म अगले जन्म को श्रेष्ठ बनाते हैं। यह आस्था भारतीय अध्यात्म का महत्वपूर्ण पक्ष है। किंतु यदि दार्शनिक दृष्टि से विचार करें तो वर्तमान जीवन ही हमारे हाथ में उपलब्ध सबसे बड़ा सत्य है। भविष्य या अगले जन्म की कल्पनाओं में वर्तमान के कर्तव्यों की उपेक्षा करना उचित नहीं कहा जा सकता। इसलिए आवश्यक है कि हम इसी जीवन को उत्कृष्ट बनाएं, इसी जीवन में मानवता के लिए उपयोगी कार्य करें और समाज के लिए ऐसी विरासत छोड़ जाएँ, जो आने वाली पीढ़ियों का मार्ग आलोकित करे।

***मनुष्य की महानता उसके धन के परिमाण से नहीं, बल्कि उसके हृदय की विशालता से आँकी जाती है। किसी धनी व्यक्ति द्वारा अपनी विपुल संपत्ति का थोड़ा-सा भाग दान करना निश्चित रूप से प्रशंसनीय है, किंतु उससे कहीं अधिक महान वह व्यक्ति है, जिसके पास सीमित संसाधन होने के बावजूद वह अपनी आवश्यकताओं में कटौती कर किसी जरूरतमंद की सहायता करता है। यही वास्तविक परोपकार है। संत कबीर ने कहा है वृक्ष कबहुँ नहीं फल भखै, नदी न संचै नीर। परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर, अर्थात प्रकृति का प्रत्येक तत्व दूसरों के लिए जीना सिखाता है।***

जीवन के उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग-अलग हो सकते हैं। कोई आर्थिक समृद्धि चाहता है, कोई राजनीति में प्रतिष्ठा, कोई विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धि, कोई साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा या व्यवसाय में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहता है। लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसकी प्राप्ति के लिए अपनाए गए साधनों की शुद्धता ही व्यक्ति के चरित्र का वास्तविक परिचय देती है। महात्मा गांधी का यह विचार सदैव स्मरणीय है साध्य जितना पवित्र हो, साधन भी उतने ही पवित्र होने चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन में साहस, संयम, आत्मविश्वास, अनुशासन और तपस्या के साथ आगे बढ़ना चाहिए। असफलता से घबराने के स्थान पर उसे सीख के रूप में स्वीकार करना चाहिए। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कहा करते थे कि सपने वे नहीं होते जो सोते समय आते हैं, सपने वे होते हैं जो आपको सोने नहीं देते। यही स्वप्न जब कठोर परिश्रम और सकारात्मक चिंतन से जुड़ते हैं, तब वे समाज के लिए प्रेरणा बन जाते हैं।

मानवीय संवेदनाएँ ही मनुष्य को अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाती हैं। यदि जीवन केवल व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं तक सीमित रह जाए तो उसकी सार्थकता अधूरी रह जाती है। सच्चा जीवन वही है जो अपने तन, मन और धन का कुछ अंश समाज के वंचित, पीड़ित और असहाय वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर सके। गौतम बुद्ध ने कहा था— हजारों दीपक एक दीपक से जल सकते हैं, फिर भी उस दीपक का प्रकाश कम नहीं होता। ठीक उसी प्रकार दूसरों के जीवन में आशा का प्रकाश फैलाने से हमारा जीवन और अधिक प्रकाशित होता है।

अनेक चिंतकों ने जीवन को रंगमंच की संज्ञा दी है। हम सभी विभिन्न भूमिकाएँ निभाते हुए अपने जीवन का अभिनय करते हैं। किंतु इन भूमिकाओं की सफलता हमारे पद, प्रतिष्ठा या वैभव से नहीं, बल्कि हमारी सच्चाई, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय व्यवहार से निर्धारित होती है। यही गुण व्यक्ति को समाज में स्थायी सम्मान दिलाते हैं। सफलता और असफलता जीवन के दो अविभाज्य पक्ष हैं। जो व्यक्ति सफलता में विनम्र और असफलता में धैर्यवान रहता है, वही वास्तव में परिपक्व व्यक्तित्व का स्वामी होता है। लोभ, लालच, अहंकार और असीमित इच्छाएँ मनुष्य को भीतर से खोखला बना देती हैं, जबकि संतोष, संयम और नैतिकता उसे आत्मिक समृद्धि प्रदान करते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आर्थिक उन्नति का प्रयास छोड़ दिया जाए। आवश्यकता इस बात की है कि आध्यात्मिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और आर्थिक प्रगति के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। यही संतुलित दृष्टिकोण एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। जीवन का प्रत्येक क्षण परिवर्तनशील है। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। किंतु परिवर्तन का अर्थ भाग्यवाद नहीं है। भाग्य और कर्म दोनों समानांतर चलने वाली प्रक्रियाएँ हैं। भाग्य परिस्थितियाँ दे सकता है, परंतु कर्म उन परिस्थितियों का परिणाम बदलने की क्षमता रखता है। भगवद्गीता का प्रसिद्ध संदेश है कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन,आज भी मनुष्य को निष्काम कर्म की प्रेरणा देता है। जब व्यक्ति कर्म को अपना धर्म मान लेता है और परिणामों की अत्यधिक चिंता से मुक्त होकर कार्य करता है, तब उसके भीतर निराशा की संभावनाएँ स्वत: कम होने लगती हैं।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको लोगों की मदद मिलती रहेगी, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। परिवार वालों के साथ आप खुशियों के पल बिताएंगे। इस राशि के विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी, आपके समाजिक मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। आज कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। ऑफिस में कलीग का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज युवाओं को रोजगार के बेहतर प्लेसमेंट अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आज आपका फेवरिट काम समय पर पूरा हो जाने से मन में उमंग और उत्साह बना रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज किसी भी काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

कर्क राशि :आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जिस काम के पूरा होने का आप काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे आज वह पूरा हो जाएगा, जिससे आप तनाव मुक्त महसूस करेंगे। बढ़ते खर्च को कम करने के लिए आज नए प्लान बनाएंगे। आज किसी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है।

सिंह राशि : आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज घर पर अचानक मेहमानों का आगमन होगा। आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। आज आपके कार्यों में जीवनसाथी के सहयोग से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कन्या राशि : आज कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। आज कई योजनाएं समय से पूरी हो जाएंगी। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज अपनी योजनाओं तथा गतिविधियों को गुप्त रखें।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए नए अनुभव लेकर आएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी। आज कार्यभार अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आज सोचा हुआ आपका काम निश्चित समय पर पूरा हो जाएगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे निभाने में आप सक्षम रहेंगे। आज आसपास के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आज आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

धनु राशि : आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज की गई व्यापारिक यात्रा से लाभ होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी तालमेल बढ़ेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आपको रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचना चाहिए।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आज आय के नए स्त्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी तारीफ करेंगे, इससे आपके रिश्ते में और मधुरता आएगी।

मीन राशि:आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। आज करियर में आपको मनचाही सफलता मिलेगी साथ ही कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। समाज कल्याण विभाग में कार्यरत लोगों का आज प्रमोशन हो सकता है।

# हे समाज, कुछ चेहरों की भूल पर हर बेटी को दोषी मत ठहराओ

## बेटियों की रोशनी को कुछ परछाइयों से क्यों डराया जा रहा है? बेटियों के सपनों पर सिया-सोनम का साया क्यों पड़ने दिया जा रहा है?

**कृति आरके जैन**

यदि किसी मोहल्ले में एक घर की दीवार गिर जाए, तो क्या पूरा शहर जर्जर घोषित कर दिया जाता है? यदि एक डॉक्टर लापरवाह निकल जाए, तो क्या पूरा चिकित्सा जगत अपराधी हो जाता है? फिर आखिर सिया और सोनम जैसी आठ-दस लड़कियों के कुछ चर्चित मामलों को आधार बनाकर करोड़ों भारतीय बेटियों के चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगाने का साहस समाज कहाँ से ले आता है? आज सोशल मीडिया ने इसी अन्यायपूर्ण प्रवृत्ति को सामान्य बना दिया है। कुछ नामों को बार-बार दोहराइए, उन्हें वायरल कीजिए और फिर पूरी पीढ़ी को उसी रंग में रंग दीजिए। यही है सिया-सोनम सिंड्रोम— एक ऐसा दृष्टिदोष, जहाँ मुट्ठीभर परछाइयों को इतना फैलाया जाता है कि करोड़ों बेटियों की उजली धूप भी दिखाई देना बंद हो जाती है। यह केवल सोशल मीडिया का खेल नहीं, बल्कि चयनात्मक दृष्टि का परिणाम है। इतिहास बताता है कि जब भी समाज बदलता है, परिवर्तन से असहज लोग पूरे परिदृश्य को नहीं, बल्कि अपने पूर्वाग्रहों के अनुकूल कुछ उदाहरण चुनकर उन्हें ही सच साबित करने लगते हैं। आज बेटियाँ शिक्षा, विज्ञान, खेल, सेना, न्यायपालिका, प्रशासन, उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व तक हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। यही बदलाव कुछ लोगों को अखरता है, इसलिए वे चेरी-पिकिंग के सहारे कुछ वायरल घटनाओं को पूरी पीढ़ी का चेहरा बना देते हैं। प्रश्न यह है कि यदि कुछ लड़कियों की गलती से सभी लड़कियों का आकलन होगा, तो क्या यही कसौटी पुरुषों पर भी लागू होगी? यदि उत्तर नहीं है, तो यह तर्क नहीं, बल्कि सुविधानुसार गढ़ा गया पूर्वाग्रह है।विडंबना यह है कि जो बेटियाँ समाज को नई दिशा दे रही हैं, वे शायद ही कभी बहस का विषय बनती हैं। अरुणिमा सिन्हा ने कृत्रिम पैर के सहारे माउंट एवरेस्ट फतह कर अदम्य इच्छाशक्ति की मिसाल कायम की। सुनीता कृष्णन जैसी सामाजिक कार्यकर्ता ने हैदराबाद में हजारों लड़कियों को ट्रैफिकिंग और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं से बचाया तथा उन्हें नई जिंदगी दी। ऐश्वर्या सागर जैसी युवा उद्यमी ग्रामीण लड़कियों को डिजिटल शिक्षा और आत्मनिर्भरता से जोड़ रही हैं। इनके जैसी हजारों बेटियाँ प्रतिदिन समाज का भविष्य गढ़ रही हैं, फिर भी वे सुर्खियाँ नहीं बनतीं। वजह साफ है— योगदान नहीं, विवाद बिकता है। मीडिया और सोशल प्लेटफ़ॉर्म भी जानते हैं कि नकारात्मक खबरें अधिक क्लिक, अधिक प्रतिक्रियाएँ और अधिक प्रसार बटोरती हैं। अच्छाई प्राय: शांत रहती है, जबकि बुराई शोर मचाती है। नतीजा यह कि समाज धीरे-धीरे शोर को सच और मौन को महत्वहीन मानने लगता है।यदि वायरल वीडियो के शोर से बाहर निकलकर वास्तविक भारत को देखें, तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। भारतीय बेटियाँ आज उपलब्धियों के नए प्रतिमान गढ़ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उन्होंने कई बार पुरुष खिलाड़ियों से अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, पायलट, सैनिक, किसान और प्रशासक के रूप में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। एनएसएस और एनसीसी के आँकड़े भी सामुदायिक सेवा में युवतियों की उल्लेखनीय सक्रियता का प्रमाण हैं। उच्च शिक्षा में उनका प्रवेश बढ़ रहा है, साक्षरता दर सुधर रही है और आर्थिक आत्मनिर्भरता का उनका संकल्प निरंतर मजबूत हो रहा है। फिर भी यदि समाज कुछ वायरल मामलों को ही पूरी सच्चाई मान ले, तो यह वास्तविकता की नहीं, हमारी दृष्टि की विफलता है।दरअसल, सिया-सोनम सिंड्रोम केवल बेटियों के साथ अन्याय नहीं करता, बल्कि समाज की निर्णय-क्षमता भी कुंद करता है। यह तथ्यों पर नहीं, भावनाओं पर आधारित धारणा गढ़ता है। पूर्वाग्रह फैलाने वाले बार-बार वही उदाहरण सामने रखते हैं जो भय, अविश्वास और आक्रोश को हवा दें, जबकि वे उन हजारों बेटियों को अनदेखा कर देते हैं जो परिवारों की आर्थिक शक्ति हैं, गाँवों में शिक्षा पहुँचा रही हैं, अस्पतालों में जीवन बचा रही हैं, प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं और सीमाओं पर देश की रक्षा में जुटी हैं। सकारात्मक कहानियाँ कम दिखाई देती हैं, क्योंकि वे उत्तेजना नहीं, प्रेरणा जगाती हैं। जबकि राष्ट्र उत्तेजना से नहीं, प्रेरणा से आगे बढ़ते हैं। इसलिए कुछ अपवादों को संपूर्ण सत्य बना देना समाज और उसके भविष्य—दोनों के साथ अन्याय है।इसका अर्थ यह कदापि नहीं कि गलतियों को अनदेखा किया जाए। जो दोषी है, उसे कानून के अनुसार दंड मिलना ही चाहिए—चाहे वह लड़की हो या लड़का। किंतु न्याय का तकाज़ा है कि सजा व्यक्ति को मिले, पूरे वर्ग को नहीं। हर बेटी को सिया या सोनम मान लेना उतना ही अविवेकपूर्ण है, जितना किसी एक पुरुष के अपराध के आधार पर समूचे पुरुष समाज को दोषी ठहराना। परिपक्व समाज वही है, जो व्यक्ति और समुदाय के बीच का अंतर समझे। बेटियों को संदेह की दीवारों में कैद करने के बजाय विश्वास, शिक्षा, अवसर और सही मार्गदर्शन दिया जाए, क्योंकि यही एक संतुलित और प्रगतिशील समाज की सबसे मजबूत नींव है।



## दिल्ली सरकार ने खत्म की वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था, सरकारी दफ्तर अब नियमित समय पर खुलेंगे

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने के बाद दिल्ली सरकार ने सरकारी कार्यालयों में लागू विशेष व्यवस्थाएं समाप्त करने का फैसला किया है। इसके तहत बुधवार और शनिवार को लागू वर्क फ्रॉम होम (WFH) व्यवस्था वापस ले ली गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के सभी कार्यालयों के कार्य समय में भी संशोधन किया गया है।नए आदेश के अनुसार, अब दिल्ली सरकार के सभी कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक नियमित रूप से संचालित होंगे। वहीं, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मचारियों के लिए पहले से निर्धारित सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक का कार्य समय यथावत रहेगा और उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।सरकार ने कहा कि सुरक्षा स्थिति सामान्य होने और प्रशासनिक कार्यों को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। नए आदेश के लागू होने के बाद सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी जिम्मेदारियां निभानी होंगी।

## ममता बनर्जी की 'राइट हैंड' चंद्रिमा भट्टाचार्य ने TMC के सभी पदों से दिया इस्तीफा, छीनी साइनिंग अथॉरिटी

कोलकाता,(आरएनएस)। विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पहले ही भारी सियासी संकट और अंतर्कलह से जूझ रही तृणमूल कांग्रेस (TMC) को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की बेहद



करीबी और टीएमसी की 'राइट हैंड' मानी जाने वाली वरिष्ठ नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से अचानक इस्तीफा दे दिया है। बंगाल में मची सियासी उठापटक के बीच ममता बनर्जी की सबसे भरोसेमंद सहयोगी का इस तरह पार्टी संगठन से अलग होना टीएमसी के लिए एक बेहद गहरा आघात माना जा रहा है।जानकारी के मुताबिक, टीएमसी की प्रदेश अध्यक्ष रहीं चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को एक पत्र लिखकर अपने इस बेहद चौंकाने वाले फैसले की जानकारी दी है। अपने पत्र में भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि वह न केवल पार्टी के सभी सांगठनिक पदों की जिम्मेदारियों से मुक्त हो रही हैं, बल्कि उन्होंने टीएमसी के महत्वपूर्ण वित्तीय और प्रशासनिक फैसलों से जुड़ी 'साइनिंग अथॉरिटी' (हस्ताक्षर का अधिकार) के पद से भी तत्काल प्रभाव से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। सरकार से लेकर संगठन तक में मजबूत पकड़ रखने वाली चंद्रिमा के इस कदम से पार्टी के भीतर की खटपट अब पूरी तरह सतह पर आ गई है।चंद्रिमा भट्टाचार्य का यह इस्तीफा ऐसे बेहद संवेदनशील समय में आया है जब तृणमूल कांग्रेस पहले से ही कई मोर्चों पर बगावत और विवादों का सामना कर रही है।

## बंगाल की खाड़ी में बदल रहा मौसम, दक्षिण बंगाल में सोमवार तक भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

कोलकाता,(आरएनएस)। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में



मौसम बदलने की संभावना है। इसके प्रभाव से कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के कई जिलों में सोमवार तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है।अलीपुर स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के अनुसार, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र और अधिक मजबूत होगा तथा डिप्रेशन का रूप लेगा। इसके बाद यह पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा, जिससे दक्षिण बंगाल के अधिकांश जिलों में व्यापक वर्षा होगी।मौसम विभाग ने बताया कि इस दौरान उत्तर बंगाल की खाड़ी में समुद्र उफान पर रहेगा। इसे देखते हुए मछुआरों को सोमवार तक समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है। हालांकि, फिलहाल उत्तर बंगाल में भारी बारिश की संभावना नहीं जताई गई है।मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को दक्षिण बंगाल के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। विशेष रूप से दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनीपुर जिलों में अधिक वर्षा होने की संभावना है। वहीं, दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज-चमक की भी संभावना है।दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनीपुर के लिए बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# बाबा बर्फानी के दर्शनों को उमड़ा आस्था का सैलाब, अमरनाथ यात्रा ने पकड़ी रफ्तार; तीसरा जत्था हुआ रवाना

पहलगाम/श्रीनगर,(आरएनएस)। वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा 2026 अब पूरी रफ्तार पकड़ चुकी है। शनिवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। वहीं, पहलगाम के नुनवान बेस कैंप से श्रद्धालुओं के दूसरे जत्थे ने दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा की पैदल यात्रा शुरू की।

यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। जगह-जगह सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ निगरानी बढ़ाई गई है। श्रद्धालुओं ने सुरक्षा इंतजामों की सराहना करते हुए कहा कि व्यापक प्रबंधों के चलते उन्हें पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षित महसूस हो रहा है।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों और आपात स्थितियों से निपटने के लिए उधमपुर स्वास्थ्य विभाग ने भी विशेष तैयारियां की हैं। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर टिकरी काली माता मंदिर से लेकर चेनानी-नाशरी सुरंग तक मेडिकल सहायता की मजबूत व्यवस्था की गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर यात्रियों को तत्काल उपचार मिल सके।

इससे पहले शुक्रवार को बालटाल और पहलगाम, दोनों प्रमुख मार्गों से कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ हुआ था। बालटाल मार्ग से रवाना हुए पहले जत्थे के कई श्रद्धालु उसी दिन बाबा बर्फानी के पवित्र दर्शन कर लौट आए। दर्शन के बाद लौटे श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था, संतोष



और उत्साह साफ झलक रहा था।श्रद्धालुओं ने बताया कि इस वर्ष पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी अपने पूर्ण स्वरूप में विराजमान हैं। पहले दिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं ने इसे अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि उन्हें पहली आरती और प्रथम पूजा में शामिल होकर बाबा बर्फानी के दिव्य स्वरूप के दर्शन का अवसर मिला।यात्रियों ने कहा कि रास्ते में मौसम ने कुछ कठिनाइयां जरूर पैदा कीं, लेकिन भगवान शिव की कृपा और आस्था के बल पर सभी बाधाएं आसान हो गईं। उनका कहना था कि बाबा बर्फानी के दर्शन के बाद पूरी यात्रा सफल और जीवन धन्य महसूस हो रहा है।

## हैवानियतः मां के पास सो रहे मासूम को अगवा कर काटा प्राइवेट पार्ट, एनकाउंटर में आरोपी गिरफ्तार

अमरोहा ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के डिडौली कोतवाली क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक बेहद खौफनाक वारदात सामने आई है। यहां गांव में अपनी मां के पास सो रहे एक मासूम दलित बच्चे का अपहरण कर जंगल में ले जाकर उसके साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गईं। आरोपी ने मासूम का प्राइवेट पार्ट और नाक काट डाली। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और एक मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है।यह दिल दहला देने वाली घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के नरथो गांव की है। बताया जा रहा है कि मासूम बच्चा कमलजीत अपनी मां अशंकु के पास गहरी नींद में सो रहा था, तभी बेहद शातिर तरीके से उसका अपहरण कर लिया गया। जब मां की आंख खुली और बच्चा बिस्तर से गायब मिला, तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। खोजबीन के दौरान कुछ ही देर बाद बच्चा गांव के पास ही स्थित एक सुनसान जंगल में लहूलुहान और बेहद गंभीर अवस्था में मिला। मासूम के प्राइवेट पार्ट और नाक पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर क्षति पहुंचाई गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तड़प रहे बच्चे को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है और हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## BJP MLA की जाएगी विधायकी, महिला डॉक्टर की मौत के मामले में कोर्ट ने सुनाई 4 साल की सजा



नई दिल्ली, (आरएनएस)। बिहार के साहेबगंज से भारतीय जनता पार्टी (BJP) के विधायक राजू कुमार सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक गंभीर मामले में 4 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब उनकी विधायकी जाना तय हो गया है। साल 2018 में न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में महिला डॉक्टर अर्चना गुप्ता की गोली लगने से मौत हो गई थी। इसी मामले में पिछले महीने भाजपा विधायक राजू सिंह को दोषी करार दिया गया था, जिस पर अदालत ने शनिवार को सजा का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषी विधायक को पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का भी सख्त आदेश दिया है।दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने ने शुक्रवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी कर ली थी। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक राजू सिंह के वकील ने उनके अच्छे आचरण का हवाला देते हुए रिहाई देने या सजा में नरमी बरतने की गुहार लगाई थी। कोर्ट से कहा गया कि राजू सिंह 6 बार के विधायक हैं, समाज सेवा से जुड़े हैं और पहले कभी किसी मामले में दोषी नहीं ठहराए गए हैं। वकील ने उन्हें 2 साल से कम सजा देने की दलील दी ताकि उनकी विधायकी बची रहे, लेकिन अदालत ने इन दलीलों को दरकिनार करते हुए उन्हें 4 साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी।राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने बीते 6 जून को विधायक राजू सिंह को भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 304 (भाग-दो) यानी गैर इरादतन हत्या और शस्त्र अधिनियम की धारा 30 के तहत दोषी ठहराया था।




राजस्थान के बालोतरा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए । इस मौके पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, राजस्थान के रा%यपाल हरिभाऊ बागड़े, रा%य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी, राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मदन राठौड़ और अन्य लोग भी मौजूद हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में पीएसी जवान की कार्बाइन से चली गोली, 3 श्रद्धालु घायल; मची अफरा-तफरी

वाराणसी ,,(आरएनएस)। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर-4बी के पास शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ड्यूटी पर तैनात पीएसी के एक जवान की कार्बाइन से कथित तौर पर अचानक गोली चल गई। गोली पत्थर से टकराने के बाद उसके छर्रे और गिट्टियां आसपास मौजूद श्रद्धालुओं की ओर उछल गईं, जिससे तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल स्थिति पर नियंत्रण पा लिया।

घायलों की पहचान निक्की गुप्ता, राम बाबू और विकास यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा तीनों घायलों को मंडलीय चिकित्सालय, कबीरचौरा भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी की हालत सामान्य बताई है। किसी भी घायल को गंभीर चोट नहीं आई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार सुबह करीब सात बजे हुई। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान पीएसी जवान की कार्बाइन से गलती से फायर हो गया। गोली सीधे किसी व्यक्ति को नहीं लगी, बल्कि पत्थर से टकराने के बाद उसके छर्रे और पत्थर के छोटे टुकड़े आसपास खड़े लोगों को लगे, जिससे वे घायल हो गए। घटना के बाद मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एहतियात के तौर पर मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

# अमेरिका के 250वें स्थापना दिवस पर एस जयशंकर ने कहा- हम रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक



नई दिल्ली(आरएनएस)। अमेरिका अपनी स्थापना की 250वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो, अमेरिकी सरकार और वहां की जनता को शुभकामनाएं दीं।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मार्को रुबियो, अमेरिका की सरकार और वहां के लोगों को उनकी आजादी की 250वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं। हम अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

भारत में अमेरिकी दूतावास ने भी एक्स पर लिखा, 250 साल। अनगिनत कहानियां। अटूट जज्बा। हमारे साथ जुड़िए, जब कई मशहूर हस्तियां बताएंगी कि अमेरिका की सबसे खास बात उनके लिए क्या मायने रखती है। उनके विचार उन मूल्यों, उपलब्धियों और उम्मीदों को दर्शाते हैं, जिन्होंने अमेरिकी कहानी को आकार दिया है और आगे भी देते रहेंगे। अमेरिका को 250वें जन्मदिन की शुभकामनाएं!

भारत में अमेरिकी दूतावास ने जिस वीडियो को पोस्ट किया है, उसमें राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात के दौरान कहते हैं, मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि हम बहुत लंबे समय से दोस्त हैं, हमेशा से हमारे संबंध काफी अच्छे रहे हैं। आपके साथ होना बहुत अच्छा है।

वहीं अमेरिकी विदेश सचिव कहते हैं, अमेरिका अपना 250वीं सालगिरह मना रहा है, ऐसे में हम भारत में अपने साझेदारों के साथ काम करने की तरफ देख रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका दुनिया का सबसे पुराना लोकतांत्रिक देश है। इसलिए हम साथ में इस समारोह का जश्न मनाएंगे।वहीं, भारत के मशहूर यूट्यूबर राज शमानी, बिजनेस वुमन ईशा अंबानी, फिल्म अभिनेता आर माधवन, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मिथाली राज, कंटेंट क्रिएटर कामिया जानी, सुनिता विलियम्स जैसे अलग-अलग क्षेत्रों से दिग्गज हस्तियों ने अमेरिका को बधाई दी। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने अपने बधाई संदेश में लिखा, अमेरिका की स्थापना की 250वीं वर्षगांठ और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा अमेरिका के सभी लोगों को हार्दिक बधाई देती हूं। इस विशेष वर्ष के उपलक्ष्य में जापान ने 250 चेरी के पेड़ उपहारस्वरूप दिए हैं। इसके अलावा, पूरे अमेरिका में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों में जापानी आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। जापान और अमेरिका भविष्य में भी अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।वहीं, सर्जियो गोर अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे हैं।

## CM रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग और पीतमपुरा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं निरीक्षण

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र एवं पीतमपुरा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करने के साथ-साथ अनेक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्कों के सौंदर्यीकरण, आधुनिक जल निकासी व्यवस्था, सीवरेज प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं, सिंचाई इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत पीतमपुरा स्थित बीडी-एफडी पार्क में विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के लोकार्पण से की। इस अवसर पर पार्क में लगाए गए 93 नए इलेक्ट्रिक पोल एवं आधुनिक लाइट व्यवस्था का भी शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के सार्वजनिक पार्कों को अधिक सुरक्षित, सुंदर एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। बेहतर हरित क्षेत्र न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाते हैं।इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग क्षेत्र में वर्षा जल निकासी एवं सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा तैयार की गई विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

# लखपति दीदी' मिशन को डिजिटल उड़ान, लोकओएस से ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे 'लखपति दीदी' अभियान को अब डिजिटल प्लेटफॉर्म 'लोक ओएस' का बड़ा सहारा मिल रहा है। सरकारी फैक्टशीट के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म बड़े स्तर पर लाभार्थियों तक पहुंच, उनकी प्रगति की निगरानी और डिजिटल मॉनिटरिंग के जरिए इस अभियान को और प्रभावी बना रहा है।




फिलहाल, 'लोक ओएस' के माध्यम से 6,611 मास्टर ट्रेनर, 4.09 लाख कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी), और 3.87 करोड़ संभावित लखपति दीदी का मजबूत नेटवर्क तैयार किया गया है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म पर 18.50 करोड़ डिजिटल आजीविका रजिस्टर भी उपलब्ध हैं, जो आजीविका की योजना बनाने, उसकी निगरानी करने और उसे लागू करने के लिए मजबूत डिजिटल आधार प्रदान करते हैं।

'लोक ओएस', दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकसित एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य सामुदायिक-आधारित संगठनों की पूरी कार्यप्रणाली को डिजिटल बनाना है।

देशभर में इसका विस्तार होने से 'लखपति दीदी' अभियान को नई गति मिली है और ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही यह आत्मनिर्भर ग्रामीण समुदायों के निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 'लोक ओएस' रियल-टाइम मॉनिटरिंग और डिजिटल वित्तीय प्रबंधन के जरिए पारदर्शिता, बेहतर प्रशासन और कार्यकुशलता को बढ़ा रहा है। यह सामुदायिक संस्थाओं को मिलने वाली वित्तीय सहायता की भी प्रभावी निगरानी करता है। अब तक प्लेटफॉर्म के जरिए 9,718.41 करोड़ रुपए का रिवॉल्विंग फंड (आरएफ), 64,607.66 करोड़ रुपए का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड (सीआईएफ) और 38.34 करोड़ रुपए का कम्युनिटी एंटरप्राइज फंड (सीईएफ) ट्रैक किया जा रहा है।'लोक ओएस' पर सदस्यों का रिकॉर्ड, प्रोफाइल, बचत, ऋण, पुनभुगतान, वित्तीय लेनदेन, आजीविका गतिविधियां, और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी भी डिजिटल रूप से दर्ज की जाती है। यह प्लेटफॉर्म फिलहाल 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, 762 जिलों, 7,241 ब्लॉकों, 2.57 लाख ग्राम पंचायतों, और 5.92 लाख गांवों तक पहुंच चुका है। इसमें वेब और मोबाइल दोनों तरह के एप्लिकेशन उपलब्ध हैं। वेब एप्लिकेशन का उपयोग प्रशासक, ई-बुककीपर और लेनदेन को मंजूरी देने वाले अधिकारी स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर लेवल फेडरेशन और उनके सदस्यों का प्रबंधन करने के लिए करते हैं।

## 'शादी जो होने नहीं वाली ', केतन हत्याकांड में सिया गोयल की लीक स्नैपचैट चैट से मचा हड़कंप

पुणे(आरएनएस)।केतन अग्रवाल हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस के हाथ एक बेहद चौंकाने वाला और अहम सुराग लगा है, जिसने



इस पूरी मर्डर मिस्ट्री में एक नया मोड़ ला दिया है। पुलिस जांच टीम अब इस मामले की मुख्य आरोपी सिया गोयल की एक कथित स्नैपचैट चैट को गहराई से खंगाल रही है। इस डिजिटल सबूत से इस बात के सनसनीखेज संकेत मिल रहे हैं कि केतन की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि एक बेहद सोची-समझी और गहरी साजिश का नतीजा थी।ताजा जानकारी के मुताबिक, पुलिस के हाथ लगी यह कथित स्नैपचैट बातचीत 25 मई की है। इस चैट में आरोपी सिया गोयल अपनी एक दोस्त से फ्लाइट टिकट बुक करने के बहाने उसका आधार कार्ड मांगती नजर आ रही है। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात सिया का वह संदेश है, जिसमें उसने हिंदी में लिखा, आधार कार्ड फ्रंट और बैक भेज दे फॉर वेडिंग टिकिट्स, जो होने नहीं वाली पर फिर भी भेज दे। सिया के इसी एक वाक्य ने जांच अधिकारियों के कान खड़े कर दिए हैं और पूरी तफ्तीश की दिशा बदल दी है।जांच अधिकारी अब इस एंगल से गहन तफ्तीश कर रहे हैं कि क्या सहेली से आधार कार्ड मांगना और हवाई टिकटों की बुकिंग की बात करना महज एक दिखावा था।

# खामेनेई को अंतिम विदाई: तेहरान में उमड़ा जनसैलाब, भारत समेत 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल

तेहरान, (आरएनएस)। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शनिवार से राजधानी तेहरान में शुरू हो गई। ग्रैंड मोसल्ला परिसर में उनके पार्थिव शरीर को कांच के ताबूत में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां लाखों की संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। ईरानी सरकार का अनुमान है कि अंतिम विदाई समारोह में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी हो सकती है। समारोह में भारत सहित 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हालिया युद्ध के दौरान हुए एक हवाई हमले में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई तथा उनके परिवार के कुछ सदस्यों की मृत्यु हो गई थी। हालांकि इस घटना को लेकर स्वतंत्र पुष्टि अभी उपलब्ध नहीं है।ग्रैंड मोसल्ला में अंतिम दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग भावुक नजर आए। कई श्रद्धालु रोते हुए दिखाई दिए, जबकि कुछ ने हम सब एक हैं, बदला लेंगे जैसे नारे लगाए। शिया परंपरा के अनुसार अनेक लोगों ने छाती पीटकर शोक व्यक्त किया। राजधानी तेहरान में खामेनेई के चित्रों वाले बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं और पूरे शहर में शोक का माहौल है। 27 वर्षीय हनानेह मौसवी, जो अपनी मां के साथ अंतिम संस्कार में पहुंचीं, ने कहा, मैं अपने प्रिय नेता अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने आई हूं। मैंने कभी नहीं सोचा



था कि ऐसा दिन देखना पड़ेगा।अंतिम संस्कार के लिए तैयार किए गए मंच को उसी शैली में बनाया गया है, जहां खामेनेई अपने सार्वजनिक संबोधन किया करते थे। उनके ताबूत के ऊपर उनकी काली पगड़ी रखी गई, जिसे पैगंबर मोहम्मद के वंशज होने का प्रतीक माना जाता है। उनके परिवार के अन्य दिवंगत सदस्यों के ताबूत भी वहीं रखे गए।ईरानी प्रशासन का कहना है कि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया कई दिनों तक चलेगी। इसके बाद पार्थिव शरीर को ईरान के विभिन्न शहरों में श्रद्धांजलि के लिए ले जाया जाएगा तथा पड़ोसी देश इराक भी ले जाने की योजना है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तेहरान की कई प्रमुख सड़कें बंद कर दी गई हैं और हवाई क्षेत्र पर भी अस्थायी प्रतिबंध लगाए गए हैं।भारत की ओर से बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने अंतिम संस्कार में भाग लिया।

सैयद अता हसनैन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हालिया संघर्ष में जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।रिपोर्टों के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान के संभावित नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई अपने पिता के अंतिम संस्कार में सार्वजनिक रूप से शामिल होंगे या नहीं। इस बीच, इजरायल की ओर से मोजतबा खामेनेई को लेकर कथित धमकियों के बाद ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने अमेरिका और इजरायल को चेतावनी देते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में किसी भी प्रकार के गलत आकलन से बचा जाए।

## खामेनेई के अंतिम संस्कार के बीच ट्रंप बोले-हमने ईरान को बुरी तरह हराया

वाशिंगटन (आरएनएस)। ईरान में दिवंगत सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्में जारी हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि युद्ध में ईरान की बुरी तरह हार हुई है। उन्होंने कहा, हमने वेनेजुएला को एक ही दिन में हरा दिया और ईरान को बुरी तरह से मात दी। वे समझौता करने के लिए बेताब हैं। हमने उन्हें अंतिम संस्कार के लिए एक सप्ताह की छुट्टी दी क्योंकि हम अच्छे लोग हैं।

माउंट रशमोर में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, हमने ईरान को पूरी तरह झकझोर दिया है। कुछ समय पहले तक वे तबाही मचा रहे थे, लेकिन हमने उन्हें घुटनों पर ला दिया। अब वे किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहते हैं। ईरान को मानवता के नाते सर्वोच्च नेता के अंतिम संस्कार की रस्मों को पूरा करने के लिए एक हफ्ते की मोहलत दी गई। लेकिन इसके तुरंत बाद उन्हें अमेरिकी शर्तों को मानना होगा।

ईरान में 3 जुलाई से 9 जुलाई तक खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्में जारी रहेंगी। कल उनका पार्थिव शरीर तेहरान में ग्रैंड मोसल्ला पर रखा गया, जहां भारत समेत कई देशों के प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। आज शव को आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया है। उम्मीद है कि करीब 2 करोड़ लोग अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जुट सकते हैं। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## नेतन्याहू ने ट्रंप से फोन पर की बात, अमेरिका में जल्द हो सकती है दोनों की मुलाकात

यरूशलम (आरएनएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बात हुई। इस बातचीत के दौरान दोनों नेता जल्द ही अमेरिका में मिलने पर सहमत हुए। पीएमओ के बयान के मुताबिक, नेतन्याहू ने अमेरिका की स्थापना की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप को बधाई दी। नेतन्याहू ने कहा, अमेरिका ही दुनिया की आजादी सुनिश्चित करता है और इजरायल दोनों देशों के बीच के मजबूत रिश्तों की बहुत कद्र करता है। बयान में आगे कहा गया कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और राष्ट्रपति ट्रंप जल्द ही अमेरिका में मिलने पर सहमत हुए। हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस प्रस्तावित बैठक के लिए कोई खास तारीख या जगह नहीं बताई।बता दें कि दोनों नेताओं के बीच ऐसे समय में बात हुई है, जब बीते दिनों ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से नेतन्याहू की आलोचना की है। ट्रंप ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि लेबनान में हिज्बुल्लाह के साथ इजरायल के युद्ध से ईरान के साथ शांति वार्ता पर खतरा मंडराने लगा था। ईरान के साथ 14-पॉइंट वाले समझौता ज्ञापन पर चल रही बातचीत के बारे में ताजा जानकारी के अनुसार, कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 1 जुलाई को कतर और पाकिस्तान ने दोहा में अमेरिका और ईरान के बातचीत करने वालों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इन बैठकों में 14-पॉइंट वाले समझौता ज्ञापन से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक प्रगति हुई। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, सभी पक्ष आने वाले समय में बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए हैं। अगली बैठक ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता के अंतिम संस्कार के बाद जल्द से जल्द तय की जाएगी।

## जर्मनी में दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी की राष्ट्रीय बैठक के खिलाफ प्रदर्शन

बर्लिन (आरएनएस)। जर्मनी की दक्षिणपंथी पार्टी ऑल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) की राष्ट्रीय बैठक के दौरान हजारों प्रदर्शनकारियों ने कार्यक्रम को बाधित करने की कोशिश की। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई, जिसमें दंगा-रोधी बलों को तैनात किया गया।रॉयटर्स के अनुसार, यह बैठक पूर्वी जर्मनी के शहर एरफुर्ट में आयोजित की जा रही है, जहां पार्टी अपने नेतृत्व के चुनाव के लिए एकत्र हुई है।सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों और हाईवे को अवरुद्ध कर दिया, जिससे सम्मेलन स्थल तक पहुंच बाधित हो गई। पूर्वी जर्मनी के शहर एरफुर्ट में आयोजित इस बैठक के खिलाफ लगभग 15,000 प्रदर्शनकारियों के जुटने का अनुमान पुलिस ने लगाया है। दंगा-रोधी गियर में तैनात पुलिस लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रदर्शनकारियों ने सम्मेलन केंद्र तक जाने वाले मार्गों को ब्लॉक कर दिया, जिससे पूरे क्षेत्र



में आवाजाही प्रभावित हुई।इस दौरान वाइडरजेटजेन के प्रवक्ता जॉर्ग बेकर ने कहा, "हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे, और हम मानते हैं कि जर्मनी में फासीवाद फिर से बढ़ रहा है।"जर्मनी में राजनीतिक दल हर दो साल में नेतृत्व चुनाव करते हैं। एएफडी का उद्देश्य मौजूदा सह-अध्यक्ष ऐलिस वाइडेल और टीनो क्रुपाला के कार्यकाल को आगे बढ़ाते हुए पार्टी में एकता का प्रदर्शन करना है। इस सम्मेलन को और विवादास्पद इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि यह उस ऐतिहासिक स्थल के पास हो रहा है, जहां लगभग 100 वर्ष पहले नाजी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, जिसने एडोल्फ हिटलर के सत्ता सुदृढ़ीकरण में भूमिका निभाई थी। इतिहासकारों और राजनीतिक विरोधियों का कहना है कि इस समय-चयन का प्रतीकात्मक महत्व है, हालांकि एएफडी ने इस आरोप को खारिज किया है।ऐलिस वाइडेल ने हाल ही में कहा था कि "2026 एएफडी के लिए निर्णायक वर्ष होगा।" मुख्यधारा की पार्टियां एएफडी के साथ काम करने से इनकार करती हैं, जिसे "फायरवॉल" नीति कहा जाता है।इसके बावजूद एएफडी मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों से असंतोष और धीमी अर्थव्यवस्था को लेकर जनता की नाराज़गी का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। पार्टी का ध्यान अब केवल आव्रजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यापक आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर भी केंद्रित हो गया है।

## हमने 30 से ज्यादा पाकिस्तानी जवानों को मार गिराया, ग्वादर में कोस्ट गार्ड कैंप पर बीएलए का बड़ा हमला

ग्वादर,(आरएनएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में स्थित जिवानी के पनवान इलाके में मौजूद पाकिस्तान कोस्ट गार्ड के एक कैंप पर बड़ा हमला हुआ। प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी यानी कि बीएलए ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया है कि इसमें पाकिस्तान कोस्ट गार्ड के 30 से ज्यादा जवान मारे गए हैं, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीएलए ने बताया कि यह फिदायी या आत्मघाती हमला उसके विशेष दस्ते मजीद ब्रिगेड ने किया। संगठन के मुताबिक, हमलावर अताउल्लाह बलोच उर्फ अजमल ने शुक्रवार शाम करीब 6:32 बजे विस्फोटकों से भरे एक माजदा ट्रक को सीधे कोस्ट गार्ड के किलेनुमा कैंप में घुसा दिया, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने अपने बयान में कहा, इस शक्तिशाली विस्फोट के कारण कोस्ट गार्ड का किले जैसा बना कैंप पूरी तरह मलबे में बदल गया।

संगठन के मीडिया विंग हक्काल ने 43 सेकंड का एक वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में विस्फोटकों से भरा ट्रक कैंप के अंदर प्रवेश करता दिखाई देता है और थोड़ी ही देर बाद जबरदस्त विस्फोट होता है। इसके बाद जारी किए गए अन्य वीडियो में कैंप का बड़ा हिस्सा पूरी तरह तबाह नजर आने का दावा किया गया है। बीएलए के मुताबिक, ट्रक में हुए विस्फोट के तुरंत बाद उसके विशेष लड़ाकू दस्ते फतेह स्क्वाड ने चारों ओर से कैंप पर समन्वित हमला कर दिया।

# फीचर

## क्या आपका थायराइड असंतुलित है? इन 5 संकेतों से जानें



*थायराइड ग्रंथि गर्दन के सामने वाले हिस्से में तितली के आकार की होती है और यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने में मदद करती है। अगर यह असंतुलित हो जाए तो इससे कई समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे संकेत बताते हैं, जो यह बताते हैं कि आपकी थायराइड असंतुलित हो रही है और आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए ताकि समय रहते समस्या का समाधान हो सके।*

*वजन का बढ़ना या घटना*

*अगर आप बिना किसी बदलाव के अपने खान-पान या व्यायाम में बदलाव के वजन में उतार-चढ़ाव देख रहे हैं तो यह थायराइड असंतुलन का एक आम संकेत हो सकता है। कम थायराइड हार्मोन से ग्रस्त लोग वजन बढ़ने की शिकायत करते हैं, वहीं ज्यादा थायराइड हार्मोन से ग्रस्त लोग वजन घटने की समस्या का सामना करते हैं। इससे आपके स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।*

***थकान महसूस होना***

*अगर आपको लगातार थकान महसूस हो रही है तो यह भी थायराइड असंतुलन का एक अहम संकेत हो सकता है। कम थायराइड हार्मोन से ग्रस्त लोगों को अक्सर खुद को थकान महसूस होती है, चाहे वे कुछ भी न करें, वहीं ज्यादा थायराइड हार्मोन वाले लोग थकान के साथ-साथ कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करते हैं। इससे आपकी रोजमर्रा की गतिविधियों पर असर पड़ सकता है।*

***त्वचा का रूखा होना***

*अगर आपकी त्वचा सूखी और बेजान होती जा रही है तो समझ जाएं कि आपकी थायराइड असंतुलित हो रही है। कम थायराइड हार्मोन से ग्रस्त लोगों की त्वचा सूखी हो जाती है। वहीं ज्यादा थायराइड हार्मोन वाले लोगों की त्वचा पर पित्तीय समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा ज्यादा थायराइड हार्मोन वाले लोगों को बार-बार पसीना भी आता रहता है। इससे त्वचा की देखभाल जरूरी हो जाती है।*

***बालों का झड़ना***

*अगर आपको अपने सिर पर बालों की कमी महसूस हो रही है तो इसके लिए भी थायराइड असंतुलन जिम्मेदार हो सकती है। कम थायराइड हार्मोन से ग्रस्त लोगों के बाल बहुत तेजी से झड़ते हैं, वहीं ज्यादा थायराइड हार्मोन वाले लोगों के बालों में पतलापन आ जाता है। इसके अलावा बालों के झड़ने से गंजेपन की समस्या भी हो सकती है। बालों की देखभाल पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है।*

## लॉस एंजिल्स में भाषा से जुड़ी चुनौतियों पर बोलीं सना सईद, सुना जाना सबसे जरूरी होता है

सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है में शाहरुख खान की बेटी अंजलि का किरदार निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली अभिनेत्री सना सईद ने सोशल मीडिया पर अपना एक अनुभव साझा किया। दरअसल, उन्होंने विदेश में रहने के दौरान भाषा, उच्चारण और संवाद से जुड़ी कठिनाइयों के बारे में खुलकर बात की। सना सईद आज लॉस एंजिल्स में रहती हैं और अपने करियर और जीवन को नए तरीके से आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने अमेरिका पहुंचने के शुरुआती दिनों का एक दिलचस्प अनुभव बताया। सना ने बताया, साल 2016 में मैं पहली बार पढ़ाई के लिए लॉस एंजिल्स आई थी। इस दौरान मुझे रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों में भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मुझे याद है कि एक बार मैं एक रेस्टोरेंट में गई थी और वहां पानी पीना चाहती थी लेकिन मेरा उच्चारण वहां के लोगों को ठीक से समझ नहीं आया। मैंने कई बार वॉटर कहा, लेकिन रेस्टोरेंट वाला अलग-अलग चीज समझता रहा और यहां तक कि सोडा या कोक तक ऑफर करने लगा।



उन्होंने आगे कहा, उस दिन मुझे एहसास हुआ कि अगर मुझे अमेरिका में लंबे समय तक रहना है, तो मुझे अपने बातचीत करने के तरीके पर काम करना होगा, क्योंकि सुना जाना सबसे जरूरी है। इसके बाद मैंने अपने उच्चारण और बोलने के तरीके पर ध्यान देना शुरू किया और इसके लिए ट्रेनिंग भी ली।

सना ने बताया कि यह प्रक्रिया आसान नहीं थी। किसी नए देश में जाकर वहां की भाषा के अनुसार खुद को ढालना बिल्कुल एक नई भाषा सीखने जैसा होता है। इसमें समय, मेहनत और लगातार अभ्यास की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, कई लोग सोचते हैं कि उच्चारण बदलना बहुत आसान है, लेकिन असल में इसके पीछे बहुत मेहनत और आत्मविश्वास की जरूरत होती है।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात से परेशानी होती है कि लोग अक्सर किसी के उच्चारण का मजाक उड़ाते हैं या उसे गलत समझते हैं। हर व्यक्ति का बोलने का अपना तरीका होता है, जो उसकी संस्कृति और पृष्ठभूमि से जुड़ा होता है। इसलिए किसी के उच्चारण को लेकर नकारात्मक टिप्पणी करना सही नहीं है।

सना ने अपने वीडियो में कहा, मेरे लिए संवाद करना सिर्फ बोलना नहीं है, बल्कि अपने विचारों को सही तरीके से दूसरों तक पहुंचाना है। अभिनय के क्षेत्र में काम करने वाले कलाकारों के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि उनकी आवाज और संवाद ही उनका सबसे बड़ा साधन होता है। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में सना ने लिखा, मेरा एक्सेंट अभी भी पूरी तरह परफेक्ट नहीं है लेकिन मुंबई और लॉस एंजिल्स के बीच के इस सफर ने मुझे एक बड़ा सबक दिया है। किसी भी भाषा या उच्चारण को लेकर शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हर व्यक्ति अपनी तरह से बोलता है और यह पूरी तरह सामान्य है। जब मैं अपनी मां से बात करती हूं, तो मेरा पुराना मुंबई वाला अंदाज फिर से लौट आता है।

## मुंबई की लोकल ट्रेन में गुजरे मेरे संघर्ष के दिन : रिद्धि डोगरा

रिद्धि डोगरा उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्हें सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में काम किया। अच्छी एक्टिंग की वजह से उन्हें शाहरुख खान जैसे बिग स्टार के साथ काम करने का मौका मिला। अभिनेत्री की खास बात यह है कि वह आज सफल हैं। लेकिन, उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद रखा है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए भीड़-भाड़ वाली लोकल ट्रेनों में सफर करने के दिनों को याद किया। उन्होंने उन मुश्किलों का जिक्र किया, जिनका उन्होंने सामना किया और उस दृढ़ संकल्प के बारे में बताया, जिसने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनके रास्ते को आकार दिया। रिद्धि ने लिखा कि मुझे हमेशा से जुलाई का महीना पसंद रहा है। इन तस्वीरों ने जुलाई के पुराने दिनों की यादें ताजा कर दीं। जुलाई 2005 में मेरी मुंबई की कहानी शुरू हुई थी। कॉलेज से नई-नई निकली थी और बड़ी दुनिया में पढ़ने, घूमने-फिरने, जीने और सीखने के लिए उत्सुक थी। इसीलिए, मैंने मुंबई को चुना। यह एक ऐसा शहर है, जो अनजाने में मुझे लंबे समय से बुला रहा था। मुझे इस शहर की हलचल भरी जिंदगी और आकर्षण में सुकून मिलता है।रिद्धि डोगरा ने लिखा कि लोकल ट्रेनें मेरी सबसे पसंदीदा जगह बन गई थीं। 2005 से 2007 के बीच मैं एक ही दिन में कई तरह के वाहनों से सफर करती थी। पहले कॉलेज जाती, फिर अपनी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की नौकरी पर जाती। मैं पूरा समय ट्रेन की खिड़की से बाहर देखते हुए और अपने भविष्य के सपनों के बारे में सोचते हुए मुस्कुराती रहती थी। मुझे पूरा यकीन था कि मेरा भविष्य बहुत शानदार होने वाला है।



## महिलाओं को नजरअंदाज नहीं करने चाहिए जोड़ों के दर्द से जुड़े ये 5 चेतावनी भरे संकेत

जोड़ों से जुड़ी समस्याएं आजकल हर उम्र के लोगों में देखने को मिल रही हैं, खासकर महिलाओं में यह आम हो गई हैं। कई बार महिलाएं जोड़ों का दर्द जैसे संकेतों को नजरअंदाज कर देती हैं, जिससे स्थिति बिगड़ती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे चेतावनी भरे संकेतों के बारे में बताएंगे, जिन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। इन संकेतों को पहचानकर आप समय पर इलाज करा सकती हैं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकती हैं।

### सुबह उठते ही जोड़ों में अकड़न होना

अगर आपको सुबह उठते ही अपने हाथों या पैरों में अकड़न महसूस होती है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह गठिया या अन्य किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि समय पर इलाज मिल सके। सुबह की अकड़न अक्सर उम्र बढ़ने, असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण होती है। सही समय पर पहचान और इलाज से आप इस समस्या से बच सकती हैं।

### बैठते या उठते समय दर्द होना

बैठते या उठते समय अगर आपको दर्द होता है तो इसे हल्के में न लें। यह भी गठिया या अन्य किसी समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। बैठते या उठते समय दर्द होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे गलत



तरीके से बैठना, शारीरिक गतिविधियों की कमी या चोट का सही इलाज न होना। सही समय पर इलाज से आप इससे बच सकती हैं।

### चलने में दिक्कत होना

अगर आपको चलने में दिक्कत होती है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह भी किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। चलने में दिक्कत होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे जोड़ों का कमजोर होना, पुराने चोट का सही इलाज न होना या शारीरिक गतिविधियों की कमी। सही समय पर पहचान और इलाज से आप इस समस्या से बच सकती हैं।

### रात में सोते समय टांगों में दर्द होना

रात के समय सोते समय अगर आपकी टांगों में दर्द होता है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह भी किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। रात के समय सोते समय दर्द होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे गलत गद्दे या तकिए का इस्तेमाल, पुराने चोट का सही इलाज न होना या शारीरिक गतिविधियों की कमी।

### अचानक से वजन कम होना

अगर बिना किसी प्रयास के आपका वजन अचानक से कम हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह भी किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है, ताकि सही इलाज मिल सके। वजन कम होना कई कारणों से हो सकता है, जैसे असंतुलित आहार, तनाव या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं।

सही समय पर पहचान और इलाज से आप इस समस्या से बच सकती हैं।




रायपुर । गांजा के साथ ओडिशा का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार। पुलिस उपायुक्त (क्राईम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला एवं पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के संयुक्त मॉनिटरिंग में एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट, एण्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (A.N.T.F.) तथा थाना पंडरी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही।

# दूधाधारी मठ की 30 एकड़ जमीन का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

## 20 साल बाद भी नहीं मिला बदले में भूखंड

रायपुर, (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के अंतरराज्यीय बस स्टैंड के निर्माण के लिए करीब दो दशक पहले दूधाधारी मठ ट्रस्ट से ली गई 30 एकड़ जमीन के बदले अब तक दूसरी जमीन नहीं मिलने का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। ट्रस्ट की याचिका पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है।जानकारी के अनुसार, वर्ष 2007-08 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पहल पर रावणभाठा में अंतरराज्यीय बस स्टैंड निर्माण के लिए दूधाधारी मठ ट्रस्ट ने अपनी 30 एकड़ जमीन देने पर सहमति दी थी। समझौते के तहत ट्रस्ट को नवा रायपुर में जमीन देने और बस स्टैंड परिसर में बनने वाले कॉम्प्लेक्स की आधी दुकानें देने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद ट्रस्ट ने जमीन नगर निगम को सौंप दी, लेकिन निर्माण कार्य बीच में रुक गया।

बाद में जमीन का लैंड यूज बदलकर अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण पूरा किया गया और इसका नाम भी दूधाधारी मठ के नाम पर रखा गया। हालांकि, ट्रस्ट को बदले में न तो जमीन मिली और न ही वादे के अनुरूप लाभ।

भूपेश बघेल सरकार के दौरान नवा रायपुर में जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही गई, लेकिन मामला कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रहा। सरकार बदलने के बाद भी समाधान नहीं निकला। ट्रस्ट ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी से भी मुलाकात की, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। इसके बाद ट्रस्ट ने हाईकोर्ट का रुख किया।

### बड़ी राहत : आवाजाही के लिए खुला तान नदी ब्रिज

रायपुर, (आरएनएस)। कटघोरा से अंबिकापुर के बीच यात्रा करने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के कटघोरा-शिवनगर खंड पर गुरसियाँ स्थित तान नदी ब्रिज को मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद आम यातायात के लिए पुनः खोल दिया है।परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बिलासपुर के परियोजना निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए ब्रिज की आवश्यक संरचनात्मक मरम्मत रिकॉर्ड समय में पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही इस मार्ग पर यातायात पुनः पूर्ण क्षमता के साथ सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। पुल की रेलिंग के बचे कार्य को कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य मरम्मत कार्य पूरा होने से कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग पर आवागमन सामान्य हो गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा भारी वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी।

### सांप के डसने से दो सगे भाइयों की मौत, घर में सांप को पकड़कर रखा परिजन

बलरामपुर, (आरएनएस)। बलरामपुर जिले के पिपरसोत तुर्रापारा गांव में सर्पदंश की दर्दनाक घटना में दो सगे मासूम भाइयों की मौत हो गई। गुरुवार देर रात जहरीले सांप के काटने से गंभीर रूप से घायल हुए दोनों बच्चों ने इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, 9 वर्षीय विकास नागेसिया और उसका ढाई वर्षीय भाई विक्रांत नागेसिया गुरुवार रात करीब 11 बजे अपने एक अन्य भाई के साथ एक ही खटिया पर सो रहे थे। इसी दौरान घर में घुसे सांप ने विकास और विक्रांत को डस लिया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो सांप दिखाई दिया। परिजनों ने तत्काल लोहे की कढ़ाई से सांप को ढककर घर के भीतर ही पकड़ लिया और दोनों बच्चों को इलाज के लिए बलरामपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान दोनों भाइयों की मौत हो गई। मृतक विकास चौथी कक्षा का छात्र था, जबकि विक्रांत आंगनबाड़ी जाता था। एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की असमय मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना ने इलाके को झकझोर कर रख दिया है। वहीं, परिजनों द्वारा पकड़े गए सांप की जानकारी भी वन विभाग और संबंधित अधिकारियों को दी गई है।

### करंट से चिपककर पिता पुत्र की मौत

कवर्धा (आरएनएस)। जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए खेतों में बिछाए जा रहे अवैध विद्युत झटका तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुए। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बीरनपुर कला में गुरुवार सुबह एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया।

जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए खेत की मेड़ पर लगाए गए अवैध विद्युत झटका तार (इलेक्ट्रिक फेंसिंग) की चपेट में आने से किसान गोकरण पटेल (55) और उनके पुत्र परमेश पटेल (22) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कुछ ही मिनटों में पिता-पुत्र की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे गांव में मातम छा गया।मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पिता-पुत्र सुबह धान की बुआई के लिए खेत पहुंचे थे। खेत के चारों ओर जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए झटका तार लगाया गया था। लगातार बारिश के कारण खेत में पानी भरा हुआ था, जिससे करंट का खतरा और बढ़ गया। काम के दौरान अचानक परमेश पटेल करंट की चपेट में आ गए। बेटे को तड़पता देख पिता गोकरण पटेल उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गए। जब तक आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

### खुशाली कुमार की 'दुल्हनिया ले आएगी' का फर्स्ट लुक आया सामने, 24 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

**बॉलीवुड एक्ट्रेस खुशाली नकटी में 85 घरों पर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, सीएम साय का किया पुतला दहन**

धमतरी,(ए)। ग्राम नकटी में 85 मकानों को तोड़े जाने की कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में गांधी मैदान धमतरी में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया।कांग्रेस नेताओं ने कार्रवाई को अमानवीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए वर्षाकाल में प्रभावित परिवारों को बेघर किए जाने की कड़ी निंदा की तथा तत्काल पुनर्वास, उचित मुआवजा और न्याय की मांग उठाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि रात के अंधेरे में बेदखली और तोड़फोड़ की कार्रवाई किसी भी संवेदनशील शासन के अनुरूप नहीं है। उनका कहना था कि प्रभावित परिवारों के लिए पहले सम्मानजनक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए थी, उसके बाद ही कोई प्रशासनिक कदम उठाया जाता।विधायक ओंकार साहू ने कहा कि नकटी के ग्रामीणों के साथ किया गया व्यवहार किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के 13 विधायक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नकटी में गरीबों के टूटे घरों और उनके अधिकारों के सम्मान में उस स्थान पर आवास लेने से इंकार कर चुके हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र खम्हारडीह पहुंचे कलेक्टर ने बच्चों को खिलाए सुपोषण लड्डू



बलौदाबाजार(ए)। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र खम्हारडीह का निरीक्षण कर वहां संचालित पोषण एवं बाल विकास गतिविधियों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद किया और उन्हें सुपोषण लड्डू खिलाकर कुपोषण से लड़ने उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने बताया कि, आंगनबाड़ी के कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिये जिले में सुपोषित बचपन अभियान के तहत बच्चों को सुपोषण लड्डू खिलाया जा रहा हैं। सुपोषण लड्डू 10 गुणकारी पोषक तत्वों से तैयार किया जाता है । प्रत्येक लड्डू में लगभग 10 ग्राम कार्बोहाइड्रेट एवं 5 ग्राम प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि गंभीर कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन एक सुपोषण लड्डू उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उन्हें आवश्यक पोषण मिल सके और कुपोषण दूर करने में मदद मिले।

### चार दिन से लापता ग्रामीण का क्षत-विक्षत शव मिला, आकाशीय बिजली गिरने से मौत की आशंका

बलौदाबाजार, (आरएनएस)। बलौदाबाजार जिले के सिमगा थाना क्षेत्र में चार दिन से लापता एक ग्रामीण का क्षत-विक्षत शव खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में आकाशीय बिजली गिरने से मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

पुलिस के अनुसार, शनिवार 4 जुलाई को तिल्दा रोड-सिमगा के खार क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव खेत में बबूल के पेड़ के नीचे पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सिमगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव काफी हद तक सड़-गल चुका था, जिससे शुरुआत में उसकी पहचान नहीं हो सकी। जांच के दौरान शव की पहचान थाना सिमगा में दर्ज गुमशुदगी के मामले के लापता व्यक्ति अवध राम डहरे के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने भी शव की पहचान अवध राम डहरे के रूप में की। परिजनों ने बताया कि अवध राम 30 जून को अपने गाय-बैलों की तलाश में खार की ओर गए थे, जिसके बाद से वह लापता थे।

### आईओसी टर्मिनल में डीजल चोरी का खेलः वायरल वीडियो से खुली पोल, रोज लाखों के ईंधन की चोरी का दावा

कोरबा (आरएनएस)। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) के गोपालपुर टर्मिनल से निकलने वाले पेट्रोल और डीजल टैंकरों से कथित रूप से ईंधन चोरी का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। गुरुवार को टर्मिनल परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग एक टैंकर से जेरीकेन में डीजल निकालते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार, गोपालपुर टर्मिनल से प्रतिदिन 200 से अधिक टैंकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना होते हैं। आरोप है कि प्रत्येक टैंकर से 15 से 20 लीटर तक डीजल निकाल लिया जाता है। यदि यह दावा सही है, तो प्रतिदिन तीन से चार हजार लीटर डीजल की चोरी हो रही है, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि निकाले गए डीजल को पहले एक खाली टैंकर में एकत्र किया जाता है और बाद में बाजार में पेट्रोल पंपों की तुलना में कम कीमत पर बेचा जाता है।

## खेल समाचार

# वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय बने; तोड़ा सचिन और शेफाली का रिकॉर्ड

मैनचेस्टर (ए)। भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार (4 जुलाई) को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले जा रहे दूसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में एक नया इतिहास रचा गया है। इस मैच में भारत के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। मैदान पर कदम रखते ही वैभव भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर भारतीय टीम के उप-कप्तान तिलक वर्मा ने उन्हें डेब्यू कैप सौंपी। वैभव भारत की ओर से टी20 इंटरनेशनल खेलने वाले 122वें क्रिकेटर बन गए हैं।

**सचिन तेंदुलकर का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा**

वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 साल और 99 दिन की



उम्र में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया है। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले 'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सचिन तेंदुलकर ने 15 नवंबर 1989 को पाकिस्तान के खिलाफ कराची में टेस्ट मैच खेलकर अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। उस समय सचिन की उम्र 16 साल और 205 दिन थी। वैभव अब भारतीय मेन्स क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम उम्र में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

**महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में बने नंबर-1**

वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ मेन्स क्रिकेट ही नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट (महिला और पुरुष दोनों) के ओवरऑल रिकॉर्ड में भी शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। अब तक भारत के लिए सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का ओवरऑल रिकॉर्ड महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा के नाम दर्ज था। शेफाली ने 24 सितंबर 2019 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 15 साल और 239 दिन की उम्र में अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था। अब 15 साल 99 दिन की उम्र में मैदान पर उतरकर वैभव ने शेफाली को भी पीछे छोड़ दिया है और देश के सबसे युवा इंटरनेशनल क्रिकेटर बन गए हैं।

**IPL 2026 में 776 रन बनाकर मचाया था तहलका**

वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया में यह जगह उनके हालिया बेहद शानदार प्रदर्शन के दम पर मिली है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में राजस्थान रॉयल्स (R R) की तरफ से खेलते हुए इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था।

वैभव ने पूरे आईपीएल सीजन में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 776 रन बनाए थे। इस दौरान उनका बैटिंग स्ट्राइक रेट 237.30 का रहा था, जो टी20 क्रिकेट में इस युवा बल्लेबाज की निडरता और इंटेंट को दर्शाता है। दुनिया के बड़े-बड़े गेंदबाजों के खिलाफ बेखौफ प्रदर्शन करने के बाद ही उन्हें भारतीय सीनियर टीम से बुलावा आया है।

### पार्थिव पटेल ने दी सलाह, कहा- वैभव को अभी इंतजार करना होगा

नई दिल्ली ,(ए)। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने भारतीय टीम मैनेजमेंट से वैभव सूर्यवंशी को धैर्य से संभालने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 15 वर्षीय बल्लेबाज के साथ बातचीत करना और उन्हें मौका न मिल पाने का कारण बताना बेहद जरूरी है।

पार्थिव ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, मुझे लगता है कि वैभव सूर्यवंशी को इस सीरीज में कभी न कभी जरूर मौका मिलेगा। हालांकि, इस समय बातचीत बहुत जरूरी है। जब आप कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होते हैं, तो आपको यह पक्का करना होता है कि आप खिलाड़ियों से साफ-साफ बात करें। भले ही आप उन्हें नहीं खिला रहे हों, आपको उसे यह बताना होगा।

पूर्व विकेटकीपर ने आगे कहा, वह 15 साल का बच्चा है, इसलिए आपको उनके साथ बहुत सावधान रहने और उसे सब्र रखने की सलाह देने की जरूरत है। बहुत सारे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सच में बहुत अच्छा किया है। संजू सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' थे। नंबर तीन पर खेल रहे ईशान किशन आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज हैं, जबकि अभिषेक शर्मा नंबर 2 पर हैं। इस समय, वैभव के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं है, और यह बात उन्हें बहुत अच्छे से बताने की जरूरत है।

वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन आईपीएल 2026 में कमाल का रहा था। उन्होंने 16 मुकाबलों में 237 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 776 रन बनाए थे। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था। वहीं, इसके बाद भारत ए की तरफ से खेलते हुए श्रीलंका के खिलाफ ट्राई सीरीज में भी वैभव का बल्ला खूब गरजा था। उन्होंने फाइनल मुकाबले में सिर्फ 11 गेंदों में अर्धशतक लगाते हुए तूफानी पारी खेली थी।

माना जा रहा था कि वैभव को आयरलैंड के खिलाफ दो मुकाबलों की टी20 सीरीज में आजमाया जा सकता है, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल सका था। भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का दूसरा टी20 इंटरनेशनल मुकाबला शनिवार को मैनचेस्टर में खेला जाना है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम मैनेजमेंट इस मुकाबले के लिए वैभव पर भरोसा दिखाता है या नहीं।

### मेसी ने तोड़ा माराडोना का ऐतिहासिक रिकॉर्ड, फीफा वर्ल्ड कप में रचा नया इतिहास

नई दिल्ली (ए)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में लियोनेल मेसी का शानदार प्रदर्शन जारी है। मेसी हर मुकाबले के साथ नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। काबो वर्डे के खिलाफ खेले गए राउंड ऑफ 32 मुकाबले में भी मेसी ने एक और बड़ी उपलब्धि को अपने नाम किया।मेसी फीफा विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा असिस्ट (गोल करने में मदद) करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पूर्व दिग्गज खिलाड़ी डिएगो माराडोना का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मेसी वर्ल्ड कप में अब कुल 9 असिस्ट कर चुके हैं, जबकि माराडोना ने अपने करियर के दौरान विश्व कप में 8 असिस्ट किए। मेसी इसके साथ ही टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार आठ मुकाबलों में गोल करने वाले भी पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने काबो वर्डे के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में एक गोल दागते हुए अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

अर्जेंटीना के कप्तान ने काबो वर्डे के खिलाफ मैच का पहला गोल किया। उन्होंने 29वें मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज से मिले बेहतरीन पास को गोल में तब्दील किया।

### कोलंबिया ने घाना को हराकर राउंड ऑफ 16 में बनाई जगह, 1-0 से दर्ज की शानदार जीत

कैनसस सिटी (ए)। कोलंबिया ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने अजेय रिकॉर्ड को राउंड ऑफ 32 में भी बरकरार रखा है। टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कैनसस सिटी स्टेडियम में घाना को 1-0 से हराया।

इस जीत के साथ ही कोलंबिया ने अंतिम 16 का टिकट हासिल कर लिया है। मैच में शुरुआत से ही कोलंबिया ने आक्रामक खेल दिखाया और घाना के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया। टीम को इसका फायदा भी जल्द ही मिला। मैच के 14वें मिनट में जॉन एरियास ने कोलंबिया की ओर से पहला गोल दागा। लुइस जेवियर सुआरेज के असिस्ट पर एरियास ने शानदार गोल दागा।

पहले हाफ में कोलंबिया ने बढ़त को दोगुना करने के कई मौके बनाए। लुइस डियाज ने बॉक्स के अंदर से एक अच्छा शॉट लगाया, लेकिन वह लक्ष्य से चूक गया। वहीं, जोहान मोजिका के हेडर को घाना के गोलकीपर लॉरेंस अती-जिगी ने शानदार तरीके से बचाया। घाना की तरफ से भी कुछ हमले किए गए, लेकिन टीम कोलंबिया के डिफेंस को पहले हाफ में भेदने में नाकाम रही।

दूसरे हाफ में भी कोलंबिया का दबदबा बना रहा। 56वें मिनट में लुइस डियाज ने एक और बार गेंद को नेट में पहुंचाया, लेकिन यह गोल ऑफसाइड होने के कारण अमान्य घोषित किया गया। इसके बाद भी कोलंबिया ने लगातार हमले जारी रखे, लेकिन टीम को दूसरा गोल करने में सफलता हाथ नहीं लग सकी। घाना की टीम पूरे मैच में कोलंबिया की मजबूत डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो पाई। मैच के दौरान घाना का एक भी शॉट टारगेट पर नहीं लग सका।

### पीवी सिंधु लगन और प्रतिभा से रचा ओलंपिक का स्वर्णिम इतिहास



**31वां जन्मदिन आज**

हैदराबाद (ए.)। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने भारतीय खेल इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराया है। वह ओलंपिक में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं, यह एक ऐसा कारनामा है जो उनकी अद्वितीय प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। 5 जुलाई, 1995 को हैदराबाद में जन्मी सिंधु को बचपन से ही खेलों का माहौल मिला। उनके माता-पिता खुद वॉलीबॉल खिलाड़ी थे, जिन्होंने अपनी बेटी को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हालांकि, सिंधु की प्रेरणा का मुख्य स्रोत 2001 में पुलेला गोपीचंद की ऐतिहासिक इंग्लैंड ओपन जीत बनी, जिसने उन्हें बैडमिंटन का रैकेट थामने के लिए प्रेरित किया।

महज 8 साल की उम्र में सिंधु ने बैडमिंटन रैकेट थामा और जल्द ही खेल के प्रति उनकी लगन स्पष्ट हो गई। उन्होंने गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में दाखिला लिया, जहाँ उन्होंने इस खेल की बारीकियों को सीखा। अपनी ट्रेनिंग के प्रति पूरी तरह समर्पित सिंधु ने लंबे समय तक मोबाइल फोन से भी दूरी बनाए रखी, यह दर्शाता है कि वह अपने लक्ष्यों के प्रति कितनी गंभीर थीं। उनकी इस कड़ी मेहनत और लगन ने उन्हें बैडमिंटन में एक के बाद एक उपलब्धियों को हासिल करने में मदद की।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद, सिंधु ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी छाप छोड़ी। 16 साल की उम्र में उन्होंने 2011 में मालदीव इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब जीता। इसके बाद 2012 में एशियन जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और 2013 में मलेशिया ओपन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब उनके नाम रहा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत था।

2016 का साल सिंधु के करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जब उन्होंने चाइना ओपन का खिताब जीता और उसी वर्ष रियो ओलंपिक में रजत पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। इसके बाद 2019 में विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर उन्होंने इतिहास रचा, जहाँ उनकी शानदार जीत ने उन्हें विश्व चैंपियन का दर्जा दिलाया। 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद, टोक्यो ओलंपिक 2020 में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि को दोहराया। इस पदक के साथ, वह ओलंपिक में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं, जो भारतीय खेलों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण था।

### फीफा विश्व कप में 30 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने मेसी



मियामी (ए.)। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनल मेसी ने फीफा विश्व कप फुटबॉल में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। काबो वर्दे के खिलाफ मुकाबले में उतरते ही मेसी विश्वकप में 30 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। मेसी ने इस मैच के 29वें मिनट में एक शानदार गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलायी थी। मेसी का काबो वर्दे के खिलाफ यह गोल उनके विश्व कप करियर का 20वां गोल था, जिसके साथ वह फीफा विश्व कप में 20 गोल का आंकड़ा पार करने वाले पहले फुटबॉलर भी बन गए हैं। यह उपलब्धि उनकी गोल स्कोरिंग क्षमता और बड़े मंच पर उनके प्रभाव को सिद्ध करती है।मौजूदा टूर्नामेंट में यह मेसी का सातवां गोल था, और इस गोल के साथ ही उन्होंने गोल्डन बूट की दौड़ में फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे को पीछे छोड़ दिया है। वर्दे के खिलाफ दागा गया यह गोल फीफा विश्व कप में उनके लगातार आठवें मैच में किया गया गोल था, जो उनकी अविश्वसनीय स्कोरिंग क्षमता और दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने की प्रवृत्ति का प्रमाण है।

# स्कूल-कॉलेजों में चलाएं नशा विरोधी जागरूकता अभियान

## जिला स्तरीय नारकोटिक्स समिति की बैठक में कलेक्टर ने नशामुक्ति, पुनर्वास एवं प्रभावी समन्वय को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम तथा बेहतर समन्वय के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने पूर्व बैठक की कार्रवाई विवरण की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिले के सभी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, उनके दुष्प्रभावों तथा नशामुक्ति के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं।उन्होंने जिले में संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का नियमित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही नशे के दुष्परिणामों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने तथा नशे से प्रभावित व्यक्तियों की काउंसलरों के माध्यम से नियमित काउंसलिंग सुनिश्चित किए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने जिले में मादक पदार्थों की पहचान एवं रोकथाम के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता का आकलन कर समय-समय पर उनकी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों तथा शहरी क्षेत्रों में स्थानीय निकायों के माध्यम से प्रभावी रूप से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के किसी भी स्कूल एवं कॉलेज परिसर से 100 मीटर की परिधि के भीतर मादक पदार्थों का विक्रय करने वाली किसी भी दुकान का संचालन नहीं होना चाहिए। यदि ऐसी दुकानें संचालित पाई जाती हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले की सभी मेडिकल शॉप एवं फार्मेसी दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान एसपी श्री साई कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौड़ सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई बनी सुशासन का प्रभावी माध्यम

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा की सतत मॉनिटरिंग से भिलाडिया ग्रामवासियों को मिली आवागमन की सुविधा

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में जिले की जनसुनवाई व्यवस्था नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का विस्तृत विश्लेषण, संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश तथा निरंतर मॉनिटरिंग के कारण यह व्यवस्था अब केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया न रहकर जनसेवा का प्रभावी मंच बन गई है। इसी का एक सकारात्मक उदाहरण सिवनी मालवा विकासखंड के ग्राम भिलाड़िया कला में देखने को मिला। जनसुनवाई में दिनांक 2 जून 2026 को कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष भिलाड़िया कला ग्राम के निवासी प्रद्युम्न यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मुख्य मार्ग से लगभग 150 मीटर अंदर स्थित रास्ते पर ग्राम पंचायत द्वारा सीसी रोड का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सोमेश मिश्रा ने शिकायत को संज्ञान में लेकर अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा को निर्देशित किया। उक्त निर्देशों के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय द्वारा मामले पर तत्काल कार्यवाही प्रारंभ कर अधीनस्थ अमले को समस्या के निराकरण के लिए सक्रिय किया। संबंधित अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया तथा स्थानीय सरपंच एवं ग्राम सचिव के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र सीसी रोड निर्माण कराने के निर्देश दिए। प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत द्वारा एक माह के भीतर ही सीसी रोड निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया।

# बिजली उपभोक्ताओं को अलर्टः फर्जी मैसेज और कॉल के जरिए हो रही ठगी

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केन्द्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एम.पी.ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के कैशलेस भुगतान हेतु कंपनी के पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप, व्हाट्सएप पे एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि उपभोक्ता को असमय विद्युत विच्छेदन से बचने हेतु किसी निजी मोबाइल नंबर से कॉल कर भुगतान करने हेतु कोई एसएमएस/ व्हाट्सएप जारी नहीं किया जाता है। कंपनी द्वारा जारी किए गए एसएमएस केवल सीसीएमपीसीजेड (CCMPCZ) एवं व्हाट्सएप केवल 07552551222 सेंडर आईडी से ही प्रेषित किए जाते हैं।

# अमर शहीद हवलदार संतोष जाट को सैन्य एवं राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने वीर सपूत को किया नमन, शोक संतप्त परिवार के प्रति व्यक्त की गहरी संवेदनाएं

नर्मदापुरम (निप्र)। तहसील सिवनी मालवा के ग्राम जाट गुराड़िया के वीर सपूत एवं भारतीय सेना के जांबाज जवान अमर शहीद हवलदार संतोष जाट को रविवार को उनके गृह ग्राम में सैन्य एवं राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने नम आँखों से वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अमर शहीद हवलदार संतोष जाट की शहादत को नमन करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशन में शहीद की अंतिम सम्मान यात्रा एवं अंतिम संस्कार की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, ताकि राष्ट्र के वीर सपूत को गरिमामयी विदाई दी जा सके।अंतिम सम्मान यात्रा में अपर कलेक्टर राजीव कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय, तहसीलदार नितिन झोड़, नायब तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी शिवपुर कैलाश रजक सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। भारत के वीर सपूत अमर शहीद हवलदार संतोष जाट अमर रहें के गगनभेदी नारों के बीच पूरे सैन्य सम्मान एवं राजकीय गरिमा के साथ वीर जवान को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 680 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 19 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त, 8 प्रकरण दर्ज



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में शनिवार, 4 जुलाई 2026 को वृत्त पिपरिया शहर अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर आकस्मिक दबिश देकर अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अंबेडकर वार्ड, कुचबंदिया मोहल्ला, हाथवास, ग्राम राईखेड़ी एवं रिछेड़ा में दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 8 प्रकरण कायम किए गए। इस दौरान 680 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 19 लीटर हाथ भट्टी निर्मित अवैध मदिरा जब्त की गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 71 हजार 800 रुपये आंकी गई है।

यह कार्रवाई वृत्त प्रभारी हितेश कुमार बिशोरिया के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक गणपति बोबड़े का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सूचनाएं एकत्रित की जा रही हैं तथा ऐसे मामलों में निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल में विद्यार्थी कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ





नर्मदापुरम (निप्र) ।स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थी कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रजापति एवं देहात थाना प्रभारी उषा मरावी रहीं। समारोह में विद्यालय के निदेशक डॉ आशीष चटर्जी डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी जनरल मैनेजर श्रीमती सोनल सोखी एवं उपनिरीक्षक खुमान सिंह पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा नव.गठित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। हेड बॉय हेड गर्ल स्पोर्ट्स कैप्टन सांस्कृतिक सचिव तथा विभिन्न हाउस कैप्टेन ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्र कैबिनेट के सभी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। नव निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार है।स्कूल कैप्टन अंजलि झा 11 वी, स्कूल वाइस.कैप्टन आर्यन यादव 9 वीं, स्कूल स्पीकर प्रणद कावरे 9 वीं डिप्टी स्पीकर सेजल गुप्ता 9 वी,विवेकानंद हाउस कैप्टन मोइज़ शाकिर 9 वी, डिप्टी हाउस कैप्टन सान्वी गिल्ला 9 वी अरविंदो हाउस कैप्टन दिव्यांश गौर 11 वी डिप्टी हाउस कैप्टन प्रीत कौर आनंद 9 वी रवींद्रनाथ टैगोर हाउस कैप्टन खुशी सिंह 11 वी डिप्टी हाउस कैप्टन लक्ष्य रघुवंशी 9 वी चंद्रशेखर बोस हाउस कैप्टन. मनन राजदेव 11 वी डिप्टी हाउस कैप्टन. सौम्या आहूजा 9 वी स्पोर्ट्स मिनिस्टर सूर्यांश राय 11 वी डिप्टी स्पोर्ट्स मिनिस्टर. स्वयं राजदेव 9 वी कल्चरल मिनिस्टर प्रकुल सोलंकी. 11 वी डिप्टी कल्चरल मिनिस्टर मान्या डेरिया 9 वी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर . वैभव वर्मा, डिप्टी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर. यथार्थ यादव 9 वी एनवायरमेंट मिनिस्टर.समीक्षा मालवीय 11 वी डिप्टी एनवायरनमेंट मिनिस्टर हुसैन हसन 9 वी लैंग्वेज मिनिस्टर ईशान चौधरी 11 वी डिप्टी लैंग्वेज मिनिस्टर आराध्या राजवैद्य 9 वी स्वच्छ भारत अभियान एम्बेसडर वेदिका राजपूत 11 डिप्टी स्वच्छ भारत अभियान एम्बेसडर सुरेंद्र यादव 9 वी मुख्य अतिथि डीईओ एल एन प्रजापति ने विद्यार्थियों से नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा.भावना एवं टीमवर्क का परिचय देते हुए विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संदेश दिया। उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने घर पर बच्चों की उचित शिक्षा का ध्यान रखने को कहा। विशिष्ट अतिथि टीआई देहात उषा मरावी ने विद्यार्थियों को दायित्व ज्ञान का बोध कराया और सफलता की शुभकामनाएं दी।विद्यालय के निदेशक डॉ आशीष चटर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट नेतृत्व गुण विकसित कर आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने नवगठित छात्र कैबिनेट को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने कार्यों एवं अनुशासन से विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे। कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन शिक्षिका सुश्री रचना तिवारी एवं श्रीमती महिंदर कौर द्वारा किया गया। समारोह के सफल आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिकाएँ श्रीमती किरण झारिया, श्रीमती निकिता नागर तथा श्रीमती मेघा बैस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह के समापन पर मुख्य अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति.चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में उत्साह, गर्व एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा.भावना के विकास की दिशा में एक प्रेरणादायी एवं यादगार पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों में समयसीमा में हो कार्रवाई : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

नर्मदापुरम (निप्र)। अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के संबंधित अधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बैठक के एजेंडा के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के अन्वेषण की स्थिति, न्यायालय में लंबित मामलों के अभियोजन की प्रगति तथा अत्याचार पीड़ितों को राहत एवं अन्य देय सुविधाओं की समीक्षा की गई कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए कि अधिनियम के अंतर्गत दर्ज सभी प्रकरणों में शासन के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण को जाति प्रमाण-पत्र के अभाव में लंबित न रखा जाए तथा इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार राहत योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर प्रत्येक त्रैमास में नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि प्रकरणों की सतत समीक्षा एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके।

# मध्यप्रदेश के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) ने हासिल किया अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन

## पावर सेक्टर मे इस उपलब्धि से प्रदेश की प्रतिष्ठा मे हुई वृद्धि : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के जबलपुर स्थित राज्य भार प्रेषण केंद्र (एसएलडीसी) को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ / आईईसी 27001:2022 अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ है। देश के बड़े राज्य भार प्रेषण केंद्रों में यह प्रमाणन प्राप्त करने वाला मध्यप्रदेश एसएलडीसी, जबलपुर अग्रणी सेंटर है।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह प्रमाणन दिल्ली स्थित संस्था क्वालिटी एशिया सर्टिफिकेशन द्वारा विस्तृत मूल्यांकन एवं ऑडिट के उपरांत प्रदान किया गया है। मूल्यांकन में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को आईएसओ/आईईसी 27001:2022 की आवश्यकताओं के अनुरूप पाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश को गर्वित करने वाली इस उपलब्धि से पावर सेक्टर मे प्रदेश की प्रतिष्ठा भी बढी है।

--डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर है ग्रिड---

श्री तोमर ने आगे बताया कि वर्तमान में विद्युत ग्रिड संचालन पूर्णत: डिजिटल प्रणालियों एवं संचार नेटवर्क पर निर्भर है। ऐसे में सूचना सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा परिचालन आंकड़ों की गोपनीयता एवं उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। यह प्रमाणन स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर, जबलपुर में सूचना सुरक्षा जोखिमों के प्रबंधन हेतु अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को परखने के बाद जारी किया गया हैं। इससे मध्यप्रदेश की विद्युत प्रणाली के संचालन में सूचना सुरक्षा के मानक और सुदृढ़ होने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर एमपी ट्रांसको को नई पहचान मिली है ।

परखा गया रियल टाइम ग्रिड आपरेशन से लेकर आपरेशनल टेक्नोलॉजी को

प्रमाणन एजेंसी के समक्ष एम पी ट्रांसको के सभी संबंधित तकनीकी व स्थापना संबंधित पक्ष मजबूती और स्पष्टता से रखने वाले एम पी ट्रांसको स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता ने जानकारी दी कि इस प्रमाणन के दायरे में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के समस्त कार्मिक (नियमित एवं आउटसोर्स कर्मचारी), प्रक्रियाएं तथा सूचना परिसंपत्तियां सम्मिलित हैं। इसके अंतर्गत रियल टाइम ग्रिड आपरेशन (वास्तविक समय ग्रिड संचालन) विद्युत प्रणाली की शेड्यूलिंग, निगरानी एवं नियंत्रण, संचार व्यवस्था, आईएसडी एवं आईएसपी से संबंधित गतिविधियां तथा संपूर्ण आपरेशनल टेक्नोलॉजी एवं आई टी (सूचना प्रौद्योगिकी) अवसंरचना शामिल है जिन्हें की प्रमाणन जारी करने से पहले सूक्ष्मता से परखा गया ।

# इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में शांतिनिकेतन को 9 गोल्ड मेडल



नर्मदापुरम। शाला में इंडियन टैलेंट ओलंपियाड का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने 9 गोल्ड मेडल जीते। इसमें इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में 6 गोल्ड मेडल तथा इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में तीन गोल्ड मेडल जीते। इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों में कक्षा चौथी के छात्र प्रणिक बलभद्र कक्षा पांचवी से जागृति गुप्ता, कक्षा छठवीं से नैवेद्य जैन एकक्षा सातवीं से अनिका पवार एकक्षा आठवीं से उत्कर्ष पटेल एवं कक्षा दसवीं के भुमिक चौरे शामिल है। इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्रों में ओम श्रीवास्तव कक्षा पांचवी नैवेद्य जैन कक्षा छठवीं एवं हियांश परते शामिल है। इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में कक्षा छठवीं की छात्रा परिधि गुप्ता ने सिल्वर मेडल तथा कक्षा सातवीं की छात्रा स्पंदन चतुर्वेदी ने ब्रोंज मेडल जीता। इंटरनेशनल मैथ्स ओलिंपियाड में कक्षा सातवीं के छात्र मानवीय यादव ने सिल्वर मेडल एवं कक्षा सातवीं के ही समर्थ गुजराती ने ब्रोंज मेडल जीता। इंडियन टैलेंट ओलंपियाड शाला के लाइब्रेरियन किशोर मलोसे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला की चेयरपर्सन श्रीमती ग्रेस जॉर्ज ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया एवं शांतिनिकेतन परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी।


खंड-I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्यप्रदेश शासन**

**कार्यालय-उत्तर बैतूल ( सा. ) वनमंडल, जिला-बैतूल मध्यप्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 3748/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 29/04/2026**

वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Galvanised Steel Chainlink Fence | Mesh Wire- Galvanised steel wire of 3.15 mm diameter<br>Fabric Size -100x100 mm<br>Height - 150 cm<br>Line Wire-2 numbers of line wires of 4.00 mm diameter<br>Standard - Conforming to IS 2721:2003, with up to date-amendments | 50000 Sqmt | 2,22,000/- | 500/- |

1 निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2 इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 03/07/2026 शाम 05.00 पीएम बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3 ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
4 ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5 ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

जी/15236/26

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

**वनमंडलाधिकारी**
**उत्तर बैतूल ( सा. ) वनमंडल**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com